26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

# चिंगारी

बिजनौर : गुरुवार, 9 जुलाई , 2026
अंक- 255 मूल्य दो रुपये पृष्ठ 16

# जून रहा सूखा, जुलाई जलमग्न

## पहाड़ों से समंदर तक मॉनसून का कहर



बिजनौर (चिंगारी)। जुलाई के पहले हफ्ते में मॉनसून ने पूरे देश में बारिश की तस्वीर बदल दी है। जून के आखिर तक जहां देश में सामान्य से 38 फीसदी कम बारिश हुई थी, वहीं सिर्फ आठ दिनों में यह कमी घटकर 15 फीसदी रह गई। लेकिन मॉनसून की यह वापसी सिर्फ राहत नहीं लेकर आई है। जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़, केरल के वायनाड और कई दूसरे इलाकों में भारी बारिश की वजह से फ्लैश फ्लड और भूस्खलन की घटनाएं सामने आई हैं। भारत मौसम विज्ञान विभाग का कहना है कि आने वाले दिनों में उत्तर-पश्चिम भारत के कई हिस्सों में भारी से बहुत भारी बारिश हो सकती है। ऐसे में बाढ़, फ्लैश फ्लड और भूस्खलन का खतरा भी बना रहेगा। इस बदलाव की सबसे बड़ी वजह बंगाल की खाड़ी में बना कम दबाव का क्षेत्र है। अगले कुछ दिनों में यह वेदर सिस्टम लगातार मजबूत होती गई और ओडिशा से होते हुए झारखंड, मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश तक पहुंची। जहां-जहां यह सिस्टम पहुंचा, वहां अच्छी और कई जगहों पर बहुत भारी बारिश हुई। इसी वजह से जून में बनी बारिश की कमी तेजी से कम हो गई। हालांकि पूरे देश में हालात एक जैसे नहीं हैं। जहां मध्य और उत्तर-पश्चिम भारत में अच्छी बारिश हुई है, वहीं पूर्व और पूर्वोत्तर भारत में अब भी सामान्य से काफी कम बारिश दर्ज की जा रही है।










## अयातुल्ला खामेनेई के तबाह घर का वीडियो

### अमेरिका-इजराइल ने एक साथ 35 मिसाइलें गिराई थीं

**तेहरान (एजेंसी/चिंगारी)।** ईरान सरकार ने बुधवार देर रात पहली बार दिवंगत सर्वोच्च नेता सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई के आवासीय परिसर पर हुए हमले और उससे हुई तबाही का आधिकारिक वीडियो जारी किया। वीडियो 35 सेकेंड का है। यह ऐसे समय आया है, जब राजधानी तेहरान में खामेनेई के अंतिम संस्कार का कार्यक्रम चल रहा है। आज उन्हें मशहद में दफनाया जाएगा। खामेनेई 28 फरवरी को अमेरिका और इजराइल के संयुक्त हमले के पहले दिन मारे गए थे। हमले में उनके परिवार के कई सदस्यों और 40 अफसरों की जान भी गई थी। इसमें खामेनेई की 14 महीने की पोती भी शामिल थी। अमेरिका-इजराइल ने एक साथ 35 मिसाइलें गिराई थीं। खामेनेई के आवास का नाम 'बैत-ए-रहबरी' था। यह अत्यधिक सुरक्षित सरकारी परिसर था, जो तेहरान के मध्य में स्थित था। यही उनका आधिकारिक आवास, कार्यालय और सत्ता का प्रमुख केंद्र था।



# भारी बारिश से भरभरा कर गिर गई स्कूल की दीवार

## नारायणपुर स्कूल का शौचालय गिरा

### जिले के कई परिषदीय स्कूलों में जल भराव, शिक्षक परेशान

**बिजनौर (चिंगारी)।** लगातार हो रही मूसलाधार बारिश से कई विद्यालय की चाहर दीवार गिर गई। एक स्कूल के शौचालय की छत गिर गई, जबकि जिले के कई शिक्षण संस्थानों में जल भराव होने से स्थिति नाजुक बनी हुई है। जल भराव होने से स्कूल पहुंचे शिक्षकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। बुधवार को 6:30 बजे से हल्की बूंदाबांदी शुरू हो गई थी, जबकि देर शाम से झमाझम बारिश लगातार 15 घंटे से अधिक हो रही बारिश से स्कूलों में स्थिति विकट होती जा रही है। विकास क्षेत्र मोहम्मदपुर देवमल के प्राथमिक विद्यालय पीरागी के स्कूल की दीवार भरभरा कर गिर गयी। स्कूल की दीवार के पास कोई शिक्षक, बच्चा नहीं होने से हादसा होने से बच गया। जबकि नारायणपुर स्कूल के विद्यालय के शौचालय की छत गिर गई। गनीमत रही कि शौचालय के आसपास कोई नहीं था। सुबह विद्यालय पहुंचे शिक्षकों को स्कूलों में पानी भरा होने से भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। जबकि मौसम विभाग ने अगले कई घंटे तक भारी बारिश होने की आशंका जताई है। लगातार बारिश होने से विद्यालय में बच्चों को बैठना भी कठिन कार्य साबित हो रहा है। जिले के कई स्कूलों की इमारत नाजुक है। लगातार खराब मौसम को देखते हुए स्कूलों के शिक्षक भी सहमे हुए हैं। शिक्षा विभाग के सूत्रों की मानें तो मुजफ्फरनगर तथा संभल में जिला



बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा खराब मौसम को देखते हुए स्कूलों में अवकाश घोषित कर दिया गया है। उत्तर प्रदेशिय प्राथमिक शिक्षा संघ के जिला अध्यक्ष भूपेंद्र कुमार चौहान ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सचिन कुमार कसाना से खराब मौसम को देखते हुए विद्यालय में अवकाश घोषित करने की मांग की है।

# शहर की सड़कें बदहाल बनीं जी का जंजाल

बिजनौर (चिंगारी) । जिला मुख्यालय की कई प्रमुख सड़कें इन दिनों बदहाल स्थिति में हैं। जगह-जगह बने गहरे गड्ढों और जलभराव के कारण वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बरसात के चलते गड्ढों में पानी भर जाने से उनकी गहराई का अंदाजा नहीं लग पाता, जिससे दुर्घटना होने का खतरा बना रहता है। इसके बावजूद संबंधित विभाग की ओर से अब तक कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई है।



1 - शक्ति चौराहे से वीकेआईटी मार्ग तक सड़क अनेक स्थानों पर क्षतिग्रस्त है। सबसे बुरा हाल तो रसीदपुर गढ़ी के समीप है। सड़क पर बने बड़े-बड़े गड्ढों के कारण दोपहिया वाहन चालक अक्सर असंतुलित होकर गिर जाते हैं और चोटिल हो रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि बरसात के दौरान गड्ढों में पानी भर जाने से स्थिति और भी गंभीर हो गई है। कई बार ट्रैक्टर-ट्रॉली और अन्य भारी वाहन भी गड्ढों में फंसकर पलटने की स्थिति में पहुंच जाते हैं। 2 - इसी प्रकार चक्कर रोड स्थित ज्ञान विहार कॉलोनी की सड़क भी पूरी तरह जर्जर हो चुकी है। सड़क पर जलभराव होने से लोगों का पैदल चलना तक मुश्किल हो गया है।



3 - वहीं डीएम कंपाउंड से जजी चौराहे तक का मार्ग भी जगह-जगह से टूटा हुआ है। गड्ढों से बचने के प्रयास में वाहन चालकों के बीच टक्कर होने की घटनाएं भी सामने आती रहती हैं।

इन मार्गों से प्रतिदिन प्रशासनिक अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि भी गुजरते हैं, लेकिन सड़क मरम्मत की दिशा में अब तक कोई ठोस पहल नहीं हुई है। लोगों ने प्रशासन एवं संबंधित विभाग से शीघ्र सड़क मरम्मत कराकर गड्ढों को भरवाने की मांग की है।

### जून में सुस्त रहने के बाद मानसून ने जुलाई में पकड़ी रफ्तार

**नयी दिल्ली (एजेंसी/चिंगारी)।** मौसम विभाग ने बताया है कि जून के महीने में सुस्त पड़े मानसून ने जुलाई की शुरुआत में रफ्तार पकड़ ली है। विभाग की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार, 20 जून तक देश भर में मानसून की स्थिति बेहद चिंताजनक थी और सामान्य के मुकाबले 41.4 प्रतिशत की भारी कमी दर्ज की गयी थी। इस अवधि तक जहां सामान्यत: 92.8 मिलीमीटर बारिश होनी चाहिए थी, वहीं केवल 54.4 मिलीमीटर बारिश ही हुई थी। जुलाई की शुरुआत में हालांकि हुई अच्छी बारिश की बदौलत आठ जुलाई तक देश की कुल संचयी वर्षा बढ़कर 195.5 मिलीमीटर पर पहुंच गयी है। इसके साथ ही देश भर में बारिश की कुल कमी अब घटकर केवल 15.2 प्रतिशत रह गयी है, जो सामान्य औसत के काफी करीब है। पिछले 18 दिनों के भीतर देश के अलग-अलग हिस्सों में मानसून के मिजाज में बड़ा फेरबदल देखने को मिला है। जून के महीने में मध्य भारत सबसे अधिक प्रभावित था, जहां 20 जून तक 65 प्रतिशत की भीषण कमी थी, लेकिन जुलाई के पहले सप्ताह की भारी बारिश के बाद यहां स्थिति पूरी तरह बदल गयी है और अब यह क्षेत्र सामान्य से चार प्रतिशत अधिक बारिश दर्ज कर चुका है।

बिजनौर में खुल गया है
ATHER
कम डाउन पेमेंट
कम ब्याज दर
आज ही लायें एथर स्कूटर
ATHER



इलेक्ट्रिक स्कूटर के बादशाह
एथर का शोरूम
आवश्यकता है- धामपुर में मैनेजर एवं मैकेनिक की (केवल धामपुर वाले को वरीयता)
Dhruvika Motors
Ankur Heights Opp- IOC Petrol Pump
Near Axis Bank, Kiratpur Road Bijnor
246701 Ph- 9240083911

उत्तराखण्ड के दो वीर सपूत मणिपुर में शहीद ( पेज 9 )



# बिजनौर में कीटनाशकों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने हेतु 29 प्रतिष्ठानों की छापेमारी

## 11 नमूने लिए गए, एक लाइसेंस निलंबित एवं पांच विक्रेताओं को नोटिस जारी

**बिजनौर ( चिंगारी )।** कृषकों को उच्च गुणवत्ता वाले कीटनाशकों की उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा निम्न गुणवत्ता एवं अवैध कीटनाशकों की बिक्री पर प्रभावी अंकुश लगाने के उद्देश्य से आज जनपद की समस्त तहसीलों में विशेष संयुक्त निरीक्षण एवं छापामार अभियान चलाया गया।

इस अभियान के अंतर्गत श्री जसवीर सिंह, जिला कृषि रक्षा अधिकारी, बिजनौर के नेतृत्व में उपजिलाधिकारी बिजनौर एवं नजीबाबाद तथा डॉ. घनश्याम वर्मा, उपकृषि निदेशक, बिजनौर के नेतृत्व में उपजिलाधिकारी धामपुर एवं नगीना तथा श्री अक्षय कुमार, वरिष्ठ प्राविधिक सहायक (कृषि रक्षा) ग्रुप-ए, बिजनौर के साथ उपजिलाधिकारी चांदपुर द्वारा संयुक्त रूप से जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में निरीक्षण किया गया। संयुक्त टीमों द्वारा कुल 29 कीटनाशी बिक्री प्रतिष्ठानों का सघन निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उपलब्ध कीटनाशकों के 11 नमूने गुणवत्ता परीक्षण हेतु अधिकृत किये गये। अभियान के दौरान मै. ओम शिव ट्रेडिंग कम्पनी, बिजनौर, मै. शौर्य



बीज भण्डार, पावटी (नूरपुर), मै. श्री बालाजी बीज भण्डार, दारानगर गंज, मै. सिसोदिया बीज भण्डार, नगीना तथा मै. कृषक सेवा केन्द्र, अफजलगढ़ के प्रतिष्ठान निरीक्षण के समय बंद पाये गये तथा संबंधित विक्रेता अनुपस्थित मिले। इन सभी प्रतिष्ठानों को कारण बताओ नोटिस जारी किये गये हैं। इसके अतिरिक्त मै. चौधरी कृषि सेवा केन्द्र, स्याऊ, चांदपुर पर निरीक्षण के दौरान अन्य गंभीर अनियमितताएं पाए जाने पर संबंधित प्रतिष्ठान का कीटनाशी लाइसेंस तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। निरीक्षण के दौरान समस्त कीटनाशी विक्रेताओं को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि केवल विभागीय पोर्टल पर विधिवत पंजीकरण एवं प्राधिकृत स्रोतों से प्राप्त उच्च गुणवत्ता वाले कीटनाशकों का ही कृषकों को वितरण किया जाये। साथ ही प्रत्येक बिक्री पर कृषकों को कैश मेमो/रसीद अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराई जाए, जिससे गुणवत्ता, पारदर्शिता एवं जवाबदेही सुनिश्चित की जा सके।

## दरी बिछाकर सो रही बच्ची को सांप ने डसा, मौत

**नगीना ( चिंगारी )।** रात्रि में घर के आंगन में सो रही सात वर्षीय बालिका टिन्नो को सांप ने डस लिया। बालिका द्वारा पेट में दर्द होने की शिकायत करने के बाद परिजन उसे गांव के निजी चिकित्सक से ही इलाज कराते रहे। कई घंटे बाद बालिका की हालत बिगड़ी तो परिजन उसे नगीना सीएचसी लेकर पहुंचे, लेकिन तब तक बालिका की मौत हो चुकी थी। चिकित्सकों द्वारा बालिका की मौत हो जाने की पुष्टि कर दिये जाने के बाद परिजन उसे गंज स्थित किसी तांत्रिक से इलाज कराने के लिए ले गये। हालांकि वहां दिखाने के बाद भी कोई फायदा नहीं हुआ। थाना क्षेत्र के ग्राम ज्ञानपुर निवासी टिन्नो रात्रि के समय घर के आंगन में दरी बिछाकर सो रही थी। बताया जाता है कि रात्रि करीब चार बजे बालिका ने परिजनों से पेट में दर्द होने की शिकायत की तो वह उसे सुबह तड़के पहले ग्राम भूरापुर तथा बाद में ग्राम तिवड़ी में एक निजी चिकित्सक के यहां इलाज के लिए ले गए। करीब दस बजे बालिका की हालत बिगड़ती देख परिजन उसे सरकारी अस्पताल लेकर पहुंचे तो चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। चिकित्सक ने उसका परीक्षण किया तो उसके नाक पर ज़हरीले सांप के डसने का निशान नजर आया तथा शरीर नीला होता दिखाई दिया। परिजन उसे बाद में गंज स्थित किसी तांत्रिक के यहां दिखाने के लिए ले गए है, जहां उसने भी बालिका को मृत घोषित कर दिया।

## घर से लापता युवती का शव गांगन नदी में मिला

**नहटौर( चिंगारी )।** लापता युवती का शव गांगन नदी में मिला। पुलिस ने गोताखोरों की मदद से शव को बाहर निकलवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के मुताबिक मोहल्ला नौधा निवासी मेंहदी हसन की 21 वर्षीय पुत्री राहत मानसिक रूप से अस्वस्थ थी। बुधवार की दोपहर को वह घर से चली गई। देर सायं तक वापस नहीं लौटने पर परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। रिश्तेदारों और परिचितों से भी जानकारी की गई, लेकिन उसका कहीं पता नहीं चल सका। देर सायं को परिजन



मृतक युवती का फाइल फोटो

तलाशते हुए ग्राम तरकौली के पास गांगन नदी पहुंचे, वहां नदी किनारे राहत की चप्पल मिली। मौके पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों व अन्य की मदद से नदी में तलाशी अभियान शुरू किया। काफी देर बाद युवती का शव नदी से बरामद कर लिया गया। क्षेत्राधिकारी अंजनी कुमार चतुर्वेदी ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला नदी में डूबने का प्रतीत हो रहा है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। रिपोर्ट के अनुसार कार्रवाई की जाएगी।

## बुग्गी के पीछे गुलदार को आता देख किसान के पसीने छूटे

**शेरकोट ( चिंगारी )।** हादकपुर निवासी अजयपाल सिंह भैंसा-बुग्गी लेकर जंगल से पशुओं के लिए चारा लेने गये थे। अजयपाल सिंह ने बताया कि जब वे खेत में पहुंचे तो अचानक एक गुलदार वहां आ गया, जिसे देखकर उन्होंने वापस लौटना शुरू कर दिया। इस बीच गुलदार भी उनकी बुग्गी के पीछे-पीछे आने लगा। गुलदार को काफी दूर तक अपने पीछे आता देख किसान के पसीने छूट गए और उसने शोर मचाना शुरू कर दिया। जिस पर आसपास खेतों में काम कर रहे लोग वहां आ गए और एकजुट होकर शोर मचाया। शोर सुनकर गुलदार दौड़ता हुआ खेतों में जाकर घुस गया। ग्रामीण यतेन्द्र सिंह, बंटी कुमार, भास्कर आदि ने बताया कि पिछले कुछ माह से क्षेत्र में गुलदार बार-बार लोगों के सामने आ रहा है, जिससे खेतों पर जाने वाले लोग भयभीत हैं और झुंड बनाकर काम करने जा रहे हैं। उन्होंने वन विभाग के अधिकारियों से पिंजरा लगवाकर गुलदार को पकड़वाने की मांग की है।



भली लगे
या बुरी ...

## पता नहीं कब जागेगी दुनिया?

विडंबना है कि विश्व स्तर पर ग्लोबल वार्मिंग, ग्रीन हाउस गैसों के लगातार बढ़ते उत्सर्जन, युद्धों के कारण बढ़ते प्रदूषण, शहरीकरण के कारण वाहनों के बढ़ते प्रदूषण तथा शहरों में एयरकंडीशनिंग बढ़ने से वातावरण में गरमी के दुष्परिणाम लगातार सामने आते जा रहे हैं, लेकिन दुनिया पर्यावरण संकट, प्रदूषण तथा जल संरक्षण के प्रति उतनी जागरूक नहीं है जितना उसे होना चाहिए। युद्ध के कारण पहले ही अनेक विकसित और विकासशील देशों ने भी सैनिक खर्च असैनिक खर्च की तुलना में काफी बढ़ाया है तथा दुनिया के गरीब देशों में खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने वाली अंतराष्ट्रीय संस्थानों के लिए अनुदान में भारी कटौती की है। इस कारण अफ्रीका के अनेक देशों में भुखमरी व अकाल के साथ ही दुनिया का एक बड़ा हिस्सा वापस बहुआयामी भयानक गरीबी में धकेला जा सकता है। भारत में भी बढ़ते शहरीकरण को अब 'अभिशाप' के बजाय 'वरदान' और 'विकास' का संकेतक मान लिया गया है। इस कारण जहां एक ओर खेती का क्षेत्रफल कम होता जा रहा है, वहीं शहरों और कस्बों में बेलगाम निर्माण, तालाबों व झीलों को पाटने तथा नदियों के जलग्रहण क्षेत्र में कब्जों के कारण 'शहरी बाढ़' जैसी घटनायें सामने आती हैं, वहीं अनेक नगरों और महानगरों को पेयजल के भयानक संकट का सामना भी करना पड़ता है। नदियों में सीवेज के लगातार बढ़ते प्रवाह तथा असंसाधित सीवेज के कारण नदियां पेयजल के स्रोत के रूप में बेकार हो जाती हैं तथा देश के अनेक महानगरों को लगभग साल भर पेयजल के संकट से जूझना पड़ता है।

'बेलगाम शहरीकरण' की बढ़ती प्रवृत्ति के कारण भारत के गांव जल संरक्षण के उन प्राकृतिक संसाधनों को खोते जा रहे हैं जो सैकड़ों साल से उनको भयानक सूखे और जल-संकट से बचाते रहे हैं। राजस्थान में खासकर तालाब, कुंए और बावड़ियां सदियों से अपनी उपयोगिता प्रदर्शित करती रही हैं, पर आजकल वे अनदेखी का शिकार हैं। हालांकि, सर्वोच्च न्यायालय ने जल स्रोतों पर कब्जों के खिलाफ कठोर कार्रवाई के निर्देश भी दिए हैं, पर समस्या की गंभीरता को देखते हुए ये उपाय लगभग नाकाफी सिद्ध हो रहे हैं।

# बेबाक अंदाज़ के बेहतरीन शायर थे महेंद्र अश्क साहब

# ..मैंने देखा है अश्क ज़िंदा हैं!

**मेरी खुशनसीबी यह रही कि मैंने अपने साहित्यिक जीवन की पहली गोष्ठी अश्क साहब के साथ पढ़ी, जगह थी वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. अशोक स्नेही का आवास मोहल्ला शामली नजीबाबाद, बिजनौर।**



यह बात है 1999 की। उस समय मैं नजीबाबाद आया ही था। लगभग 2 साल का समय मुझे हुआ होगा। उस समय तक मैं अश्क साहब को पहचानता नहीं था,नाम जरुर बहुत सुना था। लेकिन जब पहली बार उन्हें सुना तो जितना सुना था उससे कहीं आगे की बात थी। उस समय मैं गज़ल कहने लगा था, और जब डा. अशोक स्नेही जी ने व्यक्तिगत रूप से परिचय कराया तो बहुत खुश हुए यह सुनकर कि मैं जीव विज्ञान प्रवक्ता हूं और बताया कि वह भी अध्यापक रहे हैं। मुझे कहा बस थोड़ा सा ध्यान दो, आपके पास सब कुछ है। फिर एक लम्बे अन्तराल के बाद नगीना के होटल में आल इंडिया मुशायरे में बड़े नामचीन शायरों से अश्क साहब ने मेरे पढ़ने के बाद मुझे मिलवाया और आशीर्वाद दिया,जो अविस्मरणीय है, उनसे आकाशवाणी नजीबाबाद और कुछ आयोजनों में मुलाकात होती रही। एक बार ब्राह्मण धर्मशाला नजीबाबाद में कवि सम्मेलन की अध्यक्षता कर रहे थे। मुझे कहने लगे आपकी गज़ल मुझे अच्छी लगी, अपना नंबर दो। मेरे सिर पर हाथ रखा।

प्रदीप डेजी कहने लगे, हमारा नंबर कभी नहीं मांगा, आपका नंबर अश्क जी मांग रहे हैं।

**और यह बात सभी साथियों से अलग-अलग कही। मुझे यकीनन बहुत अच्छा लगा वह क्षण।**

इस समय तक अमन जी से मेरा परिचय आलोक त्यागी ने करा दिया था। बड़े शायर होने के साथ वह बड़े आलोचक भी थे, और स्नेही भी, बड़ा दिल भी था उनका, आडम्बर से दूर सादगी पसंद, बेहतरीन कलाम, बेबाक अंदाज, और आला दर्जे के गज़लकार जिन्हें दुनिया में जिसने सुना दिल से उनका हो गया। हर हालात में संयमित रहकर अदब की खिदमत करने वाले महान गज़लकार हैं अश्क साहब।



जो एक व्यक्ति नहीं एक संस्था हैं गज़ल की न जाने कितने गज़लकारों की प्रेरणा स्रोत है। और जिनकी गज़लों की रौशनी हमेशा अमर रखेगी उन्हें हमारे दिलों, दिमाग में हमेशा एक खुशबू की तरह।

**उसको देखा है अपनी गज़लों में,**
**मैंने देखा है, अश्क ज़िंदा है।**

**▶▶डा. प्रमोद प्रेम** नजीबाबाद, बिजनौर

# पहले गर्मी से थे त्रस्त, अब बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त

**बिजनौर ( चिंगारी )।** जून के दूसरे पखवाड़े में भीषण गर्मी से सभी लोग त्रस्त थे और ऊपर वाले से बारिश के लिये दुआ/प्रार्थना कर रहे थे। इंद्रदेव देर से पसीजे, लेकिन दो ही दिन में बारिश ने जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया। बारिश शायद उतनी नहीं पड़ी, जितनी समस्या पैदा हो गई। दरअसल, पानी की निकासी की अव्यवस्था और नाले-नालियों की सफाई ठीक से न होने के चलते नगर जलमग्न हो गया। विशेष रूप से निचले इलाकों में पानी भर जाने से लोगों को गंभीर संकट से गुजरना पड़ रहा है। नगर में शायद ही कोई ऐसा मोहल्ला या कालोनी हो, जहां जलभराव के चलते लोगों को दुश्वारियों का सामना न करना पड़ रहा हो।



ज्ञानविहार कालोनी चक्कर चौराहे में भरा बारिश का पानी।

अफजलगढ़। लगातार मूसलाधार बारिश ने जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित किया है। कई जगह जलभराव के चलते लोगों का अपने घरों से बाहर निकलना भी दूभर हो गया है। बारिश के साथ तेज हवा चलने के कारण कई स्थानों पर पेड़ों की शाखाएं टूटकर गिर गईं, जिससे विद्युत आपूर्ति प्रभावित हुई है। मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटे में तेज बारिश होने की संभावना जताई है, जिसे देखते हुए लोग चिंतित हैं।

नांगल सोती। आकाशीय गर्जना के साथ मूसलाधार बारिश के चलते जनजीवन प्रभावित हुआ है। सुबह से रुक-रुक कर बारिश हो रही है। हालांकि मौसम सुहावना हो गया है, लेकिन जलभराव की समस्या से लोगों को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। नांगल थाने में बारिश का पानी भर जाने से पुलिसकर्मियों के लिये थाने से बाहर निकलना दूभर हो गया। पुलिस को ट्राली लगाकर पानी निकलवाना पड़ा। भारी बारिश के चलते पूंडरी कलां-बरमपुर सम्पर्क मार्ग काफी हद तक टूट गया है। उधर, मालन नदी में ऊफान आने से अस्थायी पुल भी टूट गया, जिससे अब क्षेत्र के कई गांवों के लोगों को लम्बी दूरी तय कर गंतव्य तक पहुंचना पड़ेगा।

# एक ही परिसर में ज़िंदगी की किलकारी और मौत की सिसकियां

## बिजनौर जिला अस्पताल के इस दृश्य ने हर आंख नम कर दी

-अरबाब रहमानी

**बिजनौर ( चिंगारी )**। कहते हैं, ज़िंदगी और मौत के बीच बस एक सांस का फासला होता है। बिजनौर जिला अस्पताल परिसर में यह सच ऐसे जीवंत होकर सामने आया कि जिसने भी यह दृश्य देखा, उसकी आंखें नम हो गईं।

जिला मेडिकल अस्पताल परिसर के पिछले भाग में एक ओर महिला अस्पताल है तो दूसरी तरफ पोस्टमार्टम हाउस है। महिला अस्पताल में एक माँ ने अपने पहले बेटे को जन्म दिया था। प्रसव के बाद छुट्टी मिलने पर परिवार के लोग अपने नन्हे मेहमान का स्वागत करने के लिए फूलों और रंग-बिरंगी सजावट से सजी कार लेकर पहुंचे थे। हर चेहरे पर मुस्कान थी, आंखों में अनगिनत सपने थे और दिल में उस मासूम को पहली बार घर ले जाने की उत्सुकता। पूरा परिवार खुशियों से सराबोर था। परिवार के सदस्य माँ-बेटे के बाहर आने का बेसब्री से इंतज़ार कर रहे थे।




लेकिन उसी सजी हुई कार के ठीक सामने, पोस्टमार्टम हाउस के बाहर एक और परिवार बैठा था। वहां न कोई मुस्कान थी, न कोई उम्मीद, वहां सिर्फ़ सिसकियां थीं। टूटे हुए दिल थे और अपने को खो देने का असहनीय दर्द था। महिलाओं की रुलाई और परिजनों की खामोश आंखें उस गहरे ज़ख्म की गवाही दे रही थीं, जिसे शायद समय भी कभी पूरी तरह नहीं भर पाएगा। वे अपने उस लाल का इंतज़ार कर रहे थे, जिसकी सड़क हादसे में मौत हो चुकी थी और जिसका पोस्टमार्टम चल रहा था।

एक ही परिसर में, कुछ कदमों की दूरी पर एक तरफ़ नई ज़िंदगी अपनी पहली सांसों के साथ घर जाने को तैयार थी, तो दूसरी तरफ़ एक ज़िंदगी हमेशा के लिए अपने उस घर लौट रही थी, जहां से कभी कोई वापस नहीं आता। यह ज़िन्दगी बेजान और खामोश थी अपनी अंतिम विदाई के लिए।

यह दृश्य मानो जीवन का सबसे बड़ा दर्शन बन गया। एक ओर किलकारियां थीं, दूसरी ओर करुण क्रंदन। एक तरफ़ फूलों से सजी कार थी, दूसरी तरफ़ सफेद चादर में लिपटे बेटे का इंतज़ार। खुशियों और गम का ऐसा संगम देखकर वहां मौजूद लोग देर तक ज़िंदगी की नश्वरता पर चर्चा करते रहे। लोगों की ज़ुबान पर बरबस यह शब्द आ गये 'यहीं खुशी...यहीं ग़म।'

> बिजनौर जिला अस्पताल का यह दृश्य केवल एक संयोग नहीं था, बल्कि जीवन का वह आईना था, जिसने हर संवेदनशील व्यक्ति को यह एहसास करा दिया कि इंसान चाहे कितने ही सपने क्यों न बुन ले, ज़िंदगी और मौत का फैसला आखिरकार उसी ऊपर वाले के हाथ में है। उस पल को जिसने भी देखा, उसकी आंखें भीग गईं। शायद यह दृश्य लंबे समय तक उसकी स्मृतियों में एक मौन प्रश्न बनकर रह जाएगा।





## श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर पौधारोपण किया

**नजीबाबाद ( चिंगारी )**। नजीबाबाद विधानसभा क्षेत्र के भागूवाला मंडल के शेखपुरा आलम शक्ति केंद्र पर ग्राम लाहक खुर्द के बूथ संख्या 121 पर जगराम सिंह के आवास पर जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125 वीं जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित कर पौधारोपण किया गया। चौधरी ईशम सिंह ने कहा कि श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने राष्ट्र को सर्वोपरि रखते हुए देश की एकता, लोकतांत्रिक मूल्यों व राष्ट्रीय स्वाभिमान की रक्षा के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित किया। कार्यक्रम में शक्ति केंद्र संयोजक सहदेव प्रजापति, अतुल त्यागी, नितिन त्यागी, ललित पाल, नीरज कुमार, मंशाराम आदि उपस्थित रहे।

## शिक्षक संघ की ब्लॉक कार्यकारिणी का गठन

**नजीबाबाद ( चिंगारी )**। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष अजयपाल सिंह ने संघ के प्रांतीय मीडिया प्रभारी मोबीन हसन तथा जिला अध्यक्ष सुधाराज सिंह के अनुमोदन के बाद ब्लॉक कार्यकारिणी का गठन किया गया, जिसमें मदन गोपाल चौहान, खुर्शीद अहमद, आबिद कुरैशी, तनवीर अहमद, महेंद्र सिंह संरक्षक, अमित कुमार अग्रवाल वरिष्ठ उपाध्यक्ष, नितिन कुमार, निर्मल कुमार, विपिन कुमार, अभिनव बंसल, अनिल कुमार वर्मा उपाध्यक्ष, शाईस्ता परवीन, प्रतिभा गोस्वामी महिला उपाध्यक्ष, अश्वनी कुमार, सलीम अहमद मीडिया प्रभारी, अमरपाल गौतम, गुलशन कुमार, हरि सिंह को संयुक्त मंत्री, नरेंद्र कुमार को कोषाध्यक्ष तथा पवन कुमार को प्रचार मंत्री बनाया गया। सभी से आशा व्यक्त की गई है कि वह शिक्षकों के हितों की रक्षा करने तथा उनके मान-सम्मान के लिए संघर्ष करने का काम करेंगे।






## विहिप व बजरंग दल के शिविर में 120 मरीजों का परीक्षण

**नजीबाबाद ( चिंगारी )**। विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल जिला बिजनौर के तत्वावधान में सेवा सप्ताह के अंतर्गत पंचायतघर कछियाना बस्ती मालनी नगर में नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। शिविर का शुभारंभ विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष राजीव गुप्ता, प्रांत समरसता प्रमुख ऋषि पाल, जिला परियोजना प्रमुख मलखान सिंह, जिला सुरक्षा प्रमुख अभिषेक त्यागी, विशेष जिला संपर्क प्रमुख नवनीत चतुर्वेदी, नगर संयोजक ओमकार कैसले, प्रथम सिंघल, संदीप ने संयुक्त रूप से भगवान श्रीराम के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया। इस अवसर पर उन्होंने सेवा कार्यों को अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए अधिक से अधिक लोगों तक स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाने का आव्हन किया। शिविर में नगर के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. गौरव गुप्ता, डॉ. कौनेन अली, नरगिस थॉमस, विजय कुमार लेब टेक्नीशियन आदि का स्वास्थ्य विभाग की तरफ से सहयोग रहा। शिविर में मरीजों की रक्त, शुगर, बीपी, मलेरिया, टाइफाइड, डेंगू की जांच कर उन्हें नि:शुल्क दवा दी गई। चिकित्सकों ने सभी को मौसमी बीमारियों से बचाव के उपायों की जानकारी दी। शिविर के दौरान 120 मरीज ने नि:शुल्क परीक्षण कराया। इस मौके पर भाजपा नेता लवी अग्रवाल, संदीप कुमार, संदीप कुशवाह, रविंदर काकरान, रुद्र कुशवाहा का पूर्ण सहयोग रहा।





# बदरीनाथ मंदिर चंदा चोरी पर बोले सीएम धामी-गौ हत्या व मां बाप हत्या जैसा महापाप!

## हरिद्वार में धार्मिक कार्यक्रम में पहुंचने पर दिया बड़ा बयान

**हरिद्वार ( चिंगारी )।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बदरीनाथ धाम में चढ़ावा चोरी होने के मामले में बड़ा बयान दिया है। हरिद्वार में एक धार्मिक कार्यक्रम के दौरान मीडिया से बातचीत के दौरान सीएम धामी ने कहा कि बदरीनाथ धाम में चोरी के मामले में कार्रवाई हो रही है। जांच के लिए कमेटी बना दी गई है। पुलिस ने भी एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। उन्होंने कहा कि मंदिर में चोरी होना गौ हत्या जैसा महापाप है।

सीएम धामी ने आगे कहा कि इस प्रकार की चोरी मां बाप की हत्या करने जैसा पाप है। यह पाप क्षमा योग्य नहीं है। इस चोरी के पीछे जो कोई भी होगा, उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। जांच कमेटी ने अपना काम शुरू कर दिया है, जिस प्रकार की रिपोर्ट आएगी, उसके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।


प्रेमनगर आश्रम में मोरारी बापू को प्रणाम करते हुए मुख्यमंत्री धामी।

बता दें कि बदरीनाथ धाम में कथित चढ़ावा चोरी होने के बाद सरकार ने कार्रवाई करनी शुरू कर दी है। मामला संज्ञान में आते ही बीकेटीसी ने एक जांच कमेटी बनाई थी। उसके बाद इस मामले में एफआईआर भी दर्ज कर दी है। एफआईआर दर्ज होने का मतलब माना जा रहा है कि इस मामले में सरकार किसी को बख्शने वाली नहीं है। खुद मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने जो बयान दिया है, उससे लगता है कि आने वाले समय में जैसे जांच आगे बढ़ेगी, उसी अनुसार बड़ी कार्रवाई की जा सकती है। उन्होंने कहा कि धर्मनगरी हरिद्वार में श्री राम कथा का आयोजन होना सौभाग्य की बात है। कथा में उन्हें भी मोरारी बापू के मुखारविन्द से श्री राम कथा का रसपान करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। उन्होंने बताया कि ऐसी कथाएं आगे भी होती रहेंगी और भक्तों को भगवान श्रीराम का आशीर्वाद मिलता रहेगा। बताया कि आगामी कुंभ की भव्य तैयारियां की जा रहीं हैं, सभी के आशीर्वाद से आगामी हरिद्वार कुंभ का सफल आयोजन होगा।

बता दें कि सीएम धामी बुधवार को हरिद्वार के प्रेमनगर आश्रम में मोरारी बापू की रामकथा के आयोजन में शिरकत करने पहुंचे थे। हालांकि तेज बारिश होने के बावजूद हरिद्वार के गुरुकुल हेलीपैड पर उनका हेलीकॉप्टर लैंड हुआ। बारिश में ही छाता लगाकर उन्होंने भाजपा नेताओं का अभिवादन स्वीकार किया और उसके बाद कार से कथा स्थल पहुंचे।

## बदरीनाथ धाम चढ़ावे की धनराशि हेराफेरी मामले में बीकेटीसी कर्मी के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**चमोली ( चिंगारी )।** बदरीनाथ धाम में चढ़ावे की धनराशि में हेराफेरी मामले में बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति (बीकेटीसी) के अध्यक्ष कार्यालय में तैनात व्यक्तिगत सहायक प्रमोद नौटियाल के खिलाफ बदरीनाथ थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इससे पूर्व समिति उन्हें निलंबित कर विभागीय जांच भी शुरू कर चुकी है।

बीकेटीसी के मंदिर अधिकारी युद्धवीर पुष्पवाण की लिखित तहरीर पर 8 जुलाई को थाना बदरीनाथ में एफआईआर संख्या 0006 दर्ज की गई। पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) 2023 की धारा 306 और 316(5) के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। तहरीर में कहा गया है कि 2 जुलाई को सोशल मीडिया पर बदरीनाथ मंदिर में चढ़ावे की धनराशि में कथित गड़बड़ी से संबंधित सूचना सामने आने के बाद बीकेटीसी ने मामले की जांच के लिए तीन सदस्यीय समिति गठित की थी। प्रारंभिक जांच में यह उल्लेख किया गया कि संबंधित कार्मिक द्वारा सुबह लगभग 9 बजे से 9.30 बजे के बीच मंदिर की धनराशि कथित रूप से अनधिकृत तरीके से उठाई गई। इसी आधार पर समिति ने आगे की कार्वाई की। प्रारंभिक जांच रिपोर्ट के आधार पर बीकेटीसी ने 7 जुलाई को प्रमोद नौटियाल को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया था। समिति का कहना था कि यदि उन्हें पद पर बनाए रखा जाता है, तो निष्पक्ष जांच प्रभावित होने की आशंका बनी रहेगी। इसके बाद समिति ने पूरे मामले की लिखित शिकायत पुलिस को सौंपी।

## हाईवे पर नई बनी पुलिया पर सड़क धंसी यात्रियों से भरी रोडवेज बस गड्ढे में फंसी



**चिड़ियापुर ( चिंगारी )।** नजीबाबाद-हरिद्वार हाईवे पर गैण्डीखाता स्थित पेट्रोल पंप के पास लगभग एक सप्ताह पहले बनी पुलिया पर अचानक सड़क धंस गई। हादसे के समय हरिद्वार से आ रही रोडवेज की बस पुलिया के पास पहुंची तो उसका एक हिस्सा गड्ढे में फंस गया। सूचना मिलते ही यात्री बस से उतर गए। गनीमत रही कि इस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई। बस फंसने के कारण हाईवे पर कुछ देर के लिए यातायात बाधित हो गया। स्थानीय लोगों ने बताया कि पुलिया का निर्माण एक सप्ताह पहले ही किया गया था। घटिया निर्माण सामग्री और गुणवत्ता की वजह से सड़क धंस गई। क्रेन की मदद से बस को बाहर निकाला गया। वही यातायात को इस जगह पर वन वे कर दिया गया। एनएचएआई के परियोजना निदेशक ने बताया पुलिया की एप्रोच धंस गयी जिसको शीघ्र ही ठीक कर हाईवे को आवागमन के लिए जल्द शुरू कर दिया जाएगा।

## विहिप व बजरंग दल ने चार स्थानों पर पौधे लगाये

**धामपुर ( चिंगारी )।** विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के सेवा सप्ताह के अन्तर्गत धामपुर नगर में चार स्थानों पर पौधारोपण किया गया । आर्य समाज मंदिर, बड़ी मंडी परिसर, रेलवे स्टेशन एवं मौजमपुर जैतरा में पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर विश्व हिंदू परिषद के जिला सहमंत्री अमित शर्मा, विश्व हिंदू परिषद के नगर अध्यक्ष अजय कुमार पिंटू, नगर सह मंत्री अंकित चौहान, मनोज अग्रवाल एवं बजरंग दल के अमित कुमार राणा उपस्थित रहे।

## एम्स में पैथोलोजिस्टों के लिए पांच दिवसीय 'हैंड्स ऑन' कार्यशाला का शुभारंभ

**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** पैथोलॉजिस्टों के लिए मॉलिक्यूलर डायग्नोस्टिक्स विषय पर एम्स ऋषिकेश में पांच दिवसीय हैंड्स-ऑन वर्कशॉप शुरू हो गयी। इस कार्यशाला में पैथोलॉजिस्ट और पोस्टग्रेजुएट प्रतिभागियों को मॉलिक्यूलर डायग्नोस्टिक तकनीकों के बारे में एडवांस्ड ट्रेनिंग दी जाएगी। कार्यशाला का उद्घाटन करते हुए संस्थान की कार्यकारी निदेशक प्रो. मीनू सिंह ने पर्सनलाइज्ड मेडिसिन (व्यक्ति-विशेष के लिए उपचार) के महत्व पर जोर दिया और मरीजों की देखभाल को बेहतर बनाने में मॉलिक्यूलर डायग्नोस्टिक्स की अहम भूमिका को रेखांकित किया। डीन (एकेडमिक्स) प्रो. सौरभ वार्ष्णेय ने पैथोलॉजी के पारंपरिक मॉर्फोलॉजी-आधारित डायग्नोसिस से मॉलिक्यूलर डायग्नोस्टिक्स की ओर हो रहे बदलाव पर विस्तृत प्रकाश डाला। प्रो. शैलेंद्र एस. हांडू ने रिसर्च-आधारित इनोवेशन के बढ़ते महत्व को समझाया और मॉलिक्यूलर डायग्नोस्टिक सुविधाओं को मजबूत करने की दिशा में इस प्रकार के आयोजनों की सराहना की। पहले दिन के कार्यक्रम को पैथोलॉजी और लेबोरेटरी विभाग के हेड प्रो. संजीव किशोर, रिसोंस फेकल्टी और एम्स मंगलागिरी के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. प्रशांत जोशी, प्रो. शालिनी राव, डॉ. प्रियवधना बी. और प्रो. निलोत्पल चौधरी आदि ने भी संबोधित किया।

## बद्रीनाथ मंदिर के चढ़ावे की जांच के लिए त्रिसदस्यीय उच्च स्तरीय कमेटी गठित

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर बदरीनाथ मंदिर के चढ़ावे में कथित हेराफेरी के मामले की निष्पक्ष एवं गहन जांच के लिए शासन ने तीन सदस्यीय उच्चस्तरीय समिति का गठन किया है। सचिव पर्यटन धीराज गर्ब्याल के निर्देशानुसार समिति 15 दिनों के भीतर अपनी जांच रिपोर्ट शासन को सौंपेगी।

गढ़वाल मंडलायुक्त आनंद स्वरूप की अध्यक्षता में गठित समिति में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के प्रबंध निदेशक संदीप तिवारी तथा स्वास्थ्य महानिदेशालय के निदेशक (वित्त) जगत सिंह चौहान को सदस्य नामित किया गया है। समिति को जांच के दौरान आवश्यकता पड़ने पर संबंधित अधिकारियों, विशेषज्ञों अथवा अन्य व्यक्तियों से परामर्श एवं सहयोग लेने के साथ ही शासन को आवश्यक सुधारात्मक सुझाव देने के भी निर्देश दिए गए हैं।

मंडलायुक्त ने बताया कि समिति शीघ्र ही बदरीनाथ मंदिर का स्थलीय निरीक्षण करेगी। जांच के दौरान संबंधित पक्षों, शिकायतकर्ता तथा अन्य संबंधित व्यक्तियों के बयान दर्ज किए जाएंगे। सभी तथ्यों का परीक्षण कर निर्धारित समयावधि में विस्तृत जांच रिपोर्ट शासन को उपलब्ध करा दी जाएगी।

खबर सबसे पहले
असर सबसे ज़्यादा
चिंगारी

## शिक्षकों की कैशलेस चिकित्सा की मांग की स्वीकार सेवानिवृत शिक्षक नेता ने सीएम का जताया आभार

**धामपुर ( चिंगारी )।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के पूर्व जनपदीय प्रवक्ता एवं सेवानिवृत्त शिक्षक नेता यशपाल तुली ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को प्रेषित पत्र में कहा कि वर्षों से शिक्षकों द्वारा की जा रही सरकारी विभाग के कर्मचारियों की तरह कैशलेस चिकित्सा की सुविधा देने की मांग को मानते हुए कैशलेस चिकित्सा योजना आरंभ की है जिसके अंतर्गत बेसिक एवं माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत समस्त शिक्षक , शिक्षिकाएं, शिक्षामित्र, अनुदेशकों , विशेष शिक्षकों कस्तूरबा गांधी विद्यालय में कार्यरत कर्मियों, परिषदीय विद्यालय में कार्यरत रसोइयों को यह सुविधा दी गई है। श्री तुली ने मुख्यमंत्री से मांग की है कि सरकारी कर्मचारियों की भांति सेवानिवृत्ति के बाद भी इन कर्मचारी और उनके परिवारों को यह सुविधा मिलती रहनी चाहिए। इसके अतिरिक्त जो शिक्षक तथा अन्य कर्मचारी विद्यालयों से सेवानिवृत हो गए हैं उन्हें भी इसी दायरे में लाना चाहिए। उन्होंने बताया कि वैसे तो सीनियर सिटीजन को यह सुविधा सरकार द्वारा दी जा रही है। परंतु कैशलेस योजना में लिखित कार्वाई बहुत कम करनी पड़ती है।

## हंसगुल्ले

**'बहरा' पति भी यह सुनकर दौड़ चला आता है, जब पत्नी कहती है, 'सुनो जी, तुम्हारा फोन बज रहा है, आ रहे हो या उठा लूं।'**

✦✦✦✦

**टीटू : भाई आज तो गजब हो गया।**
**शीटू : लॉटरी लग गई क्या ?**
**टीटू : अरे नहीं यार, मैं बस में बैठा था, तभी एक आदमी आया, और फोन में राष्ट्रगान चला दिया।**
**शीटू : फिर ?**
**टीटू : फिर क्या, राष्ट्रगान सुनते ही मैं खड़ा हो गया और वह मेरी सीट पर बैठ गया।**

✦✦✦✦

**पत्नी : सुनो, मेरा भी फेसबुक पर अकाउंट बना दो!**
**पति : तुम्हें फेसबुक चलाना आता है ?**
**पत्नी : आप चलाना, मैं पीछे बैठ जाऊंगी।**

# शिक्षक एमएलसी चुनाव विधानसभा चुनाव का सेमीफाइनल : लाल बिहारी




**बिजनौर ( चिंगारी )। समाजवादी पार्टी की ओर से बरेली-मुरादाबाद शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के शिक्षक एमएलसी चुनाव के समर्थन में राज मिलन बैंक्वेट हॉल, बिजनौर में शिक्षक, प्रबंधक एवं समन्वय सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश विधान परिषद में नेता प्रतिपक्ष लाल बिहारी यादव रहे।**

सम्मेलन को संबोधित करते हुए लाल बिहारी यादव ने समाजवादी पार्टी समर्थित शिक्षक एमएलसी प्रत्याशी मोहम्मद दानिश अख्तर के पक्ष में अधिक से अधिक मतदान करने की अपील की। उन्होंने कहा कि शिक्षक एमएलसी चुनाव वर्ष 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव का सेमीफाइनल है। समाजवादी पार्टी पूरी मजबूती के साथ यह चुनाव लड़ेगी और जीत दर्ज करेगी। उन्होंने कहा कि सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने घोषणा की है कि प्रदेश में समाजवादी पार्टी की सरकार बनने पर वित्तविहीन विद्यालयों के शिक्षकों का मानदेय दोबारा शुरू किया जाएगा। कार्यक्रम का कुशल संचालन जिला महासचिव धनंजय सिंह यादव ने किया।

सम्मेलन में सांसद रुचि वीरा, विधायक स्वामी ओमवेश, विधायक तसलीम अहमद, विधायक रामअवतार सैनी, डॉ. रमेश तोमर, राशिद हुसैन, अनिल यादव, शेख जाकिर हुसैन, कपिल गुजर, अमित चौहान, सत्यपाल सिंह, महमूद कुरैशी, मुनव्वर अली, अखलाक पप्पू, प्रभा चौधरी, फुरकान खान, शमशाद अंसारी, डॉ. लाखन पाल, कमलेश भुइयार, स्वाति वीरा, खुशनुद खान, दिलशाद अंसारी, कृपारानी प्रजापति, पंकज अग्रवाल, सहजाद अंसारी, हेमंत कुमार, अनुज मलिक, राहुल सिंह, महमूद कस्सार, अशोक आर्य, अहमद खिजर खान, अफजाल उल हक, डॉ. रहमान, राधा सैनी, साईम राजा, डॉ. योगेंद्र चौधरी, लईक अहमद, डॉ. कुंतेश सैनी, वी.के. कश्यप, सुहेल बाकर, मनोज राजपूत, संसार सिंह, शेख जाहिद, नईम मकरानी, आबिद खान, लक्ष्मी वर्मा, तरुण लांबा, नमन कुमार, वीरेंद्र, मदनलाल सैनी, प्रमोद प्रधान, संजय पाल,सुंदर वाल्मीकि, वक्कार राईन, महताबुद्दीन, सिराज जैदी, रहीश कस्सार सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता, शिक्षक, प्रबंधक एवं गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

DF धारा मोटर फ़ाईनेन्स लिमिटेड
सरकारी एवं प्राइवेट कर्मचारियों के लिए
विशेष लोन सुविधा
Salaried Loan
अब खास आपके लिए
लोन लेना हुआ और भी आसान
अब आप घर बैठे ही अपने मोबाइल से Instant Salaried Loan के लिए Apply कर सकते हैं।
कृपया दिए गए QR कोड को स्कैन करें या हमारी वेबसाइट www.dharamotor.com पर क्लिक करें और मोबाइल एप्लिकेशन इंस्टॉल करें और अपने सैलरी लोन के लिए आज ही आवेदन करें।
हमारा सैलरी लोन क्यों चुनें?
• तेज़ और आसान प्रक्रिया
• न्यूनतम दस्तावेज़
• आकर्षक ब्याज दर
• आसान EMI सुविधा
• शीघ्र लोन अप्रूवल और डिस्बर्समेंट
पात्रता (Eligibility)
• सरकारी कर्मचारी
• प्राइवेट सेक्टर कर्मचारी
• नियमित मासिक आय वाले व्यक्ति

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
पंजीकृत कार्यालय : धारा कॉम्प्लेक्स, सिविल लाइन्स-1, बिजनौर-246701
दूरभाष : 01342-262561, 6396752764, 7060210125
Corporate Office (Delhi) : K-814, Noratan Building, Mata Chowk Basant Kunj Road, Mahipalpur, New Delhi. Ph.: 011-41662561
www.dharamotor.com dmf_bijnor@yahoo.com

# खाद्य सुरक्षा विभाग की ताबड़तोड़ कार्रवाई

## 16 खाद्य पदार्थों के नमूने लेकर जांच को भेजे



**बिजनौर ( चिंगारी )।** आमजन को शुद्ध एवं सुरक्षित खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग ने जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में विशेष अभियान चलाते हुए व्यापक छापेमारी की। आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के निर्देश तथा जिलाधिकारी बिजनौर के आदेश पर की गई इस कार्रवाई के दौरान बिजनौर सदर, नगीना, चांदपुर, नजीबाबाद और धामपुर तहसीलों में मसालों, अचार, सॉस, मुरब्बा निर्माण इकाइयों एवं दुकानों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान टीम ने रेड चिली सॉस का एक, ग्रीन चिली सॉस का एक, टोमैटो कैचअप के दो, मिक्स अचार का एक, ग्रीन चिली पिकल का एक, लाल मिर्च पाउडर के दो, धनिया पाउडर के दो, हल्दी पाउडर के दो तथा पैकेज्ड ड्रिंकिंग वाटर के चार नमूने सहित कुल 16 नमूने लेकर जांच के लिए राजकीय खाद्य प्रयोगशाला भेज दिये हैं। विभाग का कहना है कि जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद संबंधित प्रतिष्ठानों के विरुद्ध खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत विधिक कार्रवाई की जाएगी। इस अभियान का नेतृत्व मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्रीराम अशीष मौर्य ने किया। कार्रवाई में खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्री राजीव कुमार, श्री डी.के. वर्मा, श्री नरेश कुमार, श्रीमती रेनू सिंह, श्री शम्भू दयाल, श्री अनिल कुमार तथा श्री अजीत सिंह शामिल रहे। विभाग ने स्पष्ट किया है कि जनपद में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए यह विशेष अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

# गर्म राख से दो बच्चों की मौत के बाद बाग मालिक व ठेकेदार के विरुद्ध दर्ज हुई रिपोर्ट

**बिजनौर ( चिंगारी )।** शुगर मिल की गर्म राख से बच्चों के झुलसने के मामले में दूसरी मौत के बाद परिजनों की तहरीर पर शहर कोतवाली पुलिस ने बाग मालिक और अज्ञात ठेकेदार के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। स्थानीय मोहल्ला लड़ापुरा निवासी राशिद पुत्र कल्लू ने शहर कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि एक मई 26 की दोपहर उनका पुत्र उजैद, शाहिल पुत्र वसीद, शाद पुत्र दिलशाद और जिशान पुत्र इमरान चाहशीरी स्थित आरिफ वकील के आम के बाग में खेलने जा रहे थे। आरोप है कि बाग के पास रास्ते के किनारे बिलाई शुगर मिल से मंगाई गई गर्म राख मिल के ठेकेदार द्वारा लापरवाहीपूर्वक डाल दी गई थी। तहरीर के अनुसार रास्ते से गुजरते समय चारों बच्चे गर्म राख की चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलस गए। उपचार के दौरान शाद की 27 जून को और जीशान की छह जुलाई को मौत हो गई। वहीं उजैद और साहिल उपचार के बाद स्वस्थ होकर अपने घर लौट आए हैं। राशिद का आरोप है कि यह हादसा बाग मालिक आरिफ वकील पुत्र अहसान मास्टर निवासी चाहशीरी बी-24 तथा बिलाई शुगर मिल के अज्ञात ठेकेदार की लापरवाही के कारण हुआ। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शहर कोतवाल अवनीत मान का कहना है कि जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

# बजरंग दल ने लगाया फ्री चिकित्सा शिविर



**नांगल सोती ( चिंगारी )।** विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल द्वारा चलाये जा रहे सेवा सप्ताह के अंतर्गत नांगल प्रखंड के ग्राम जालपुर में नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। ग्राम जालपुर के पंचायतघर में आयोजित चिकित्सा शिविर में डॉ. सुभाष जैन (एमबीबीएस एमडी) और डॉक्टर सत्यम (बीएएमएस) द्वारा 64 मरीजों को चिकित्सकीय परामर्श देते हुए नि:शुल्क दवाइयों का वितरण किया गया। मुख्य अतिथि के तौर पर जिला मंत्री सौरभ शर्मा, प्रखंड मंत्री जितेश सेहल, जिला सहसंयोजक नितिन गहलौत, शिवम चौधरी, सुमित कुमार, बिकुल, पंकज, दिशु, मनीष, अंकित, पुष्पेन्द्र सहित बजरंग दल के कई सदस्य मौजूद रहे।

ख़बर सबसे पहले
असर सबसे ज़्यादा
चिंगारी

# शहर में लगे कई फ्रीजर बंद पड़े, कुछ में नहीं आ रहा ठंडा पानी

## गर्मी के मौसम में लोगों को रही परेशानी

नजीबाबाद (चिंगारी)। नगरपालिका परिषद के नगर के विभिन्न वार्डों में लगे कई फ्रीजर बंद पड़े है। जबकि अनेक फ्रीजरों में ठंडा पानी नहीं आ रहा है। गर्मी के मौसम में भी लोगों को सार्वजनिक स्थानों पर पेयजल नहीं मिलने से लोग परेशान है। नगर के मौहल्ला रम्पुरा में अबु बकर मस्जिद के पास अप्रैल माह में लगा ठंडे पानी का फ्रीजर करीब एक सप्ताह तक ही चल पाया इसके बाद से यह फ्रीजर बंद पड़ा है, इसमें अब पानी नहीं आ रहा है। रम्पुरा पुलिस चैकी के बाहर लगा फ्रीजर भी काफी दिनों से नहीं चल रहा है। शफात खां वाली मस्जिद के बाहर लगे फ्रीजर में ठंडा पानी नहीं आ रहा है। टैम्पू स्टैंड के पास अमाननगर गेट पर लगा फ्रीजर भी कभी-कभी चलता है। रफूग्रान वाली मस्जिद के पास तथा हरिद्वार रोड पर आजाद मार्केट के सामने रखा फ्रीजर भी काफी समय से बंद पड़ा है। नगर के कई वार्डों में लगे फ्रीजरों में भी किसी में ठंडा पानी नहीं आ रहा है, कोई बंद पड़ा है। मछली बाजार में लगा फ्रीजर भी बंद पड़ा है। सार्वजनिक स्थानों पर लगे फ्रीजर बंद पड़े होने से गर्मी के मौसम में बाजारों में आने वाले लोगों तथा दुकानदारों को पीने के लिए पानी नहीं मिल पाता है। वार्ड नम्बर-20 के सभासद मौ. अच्छन राईन ने बताया कि वह अपने क्षेत्र के खराब पड़े फ्रीजरों को सही कराने के लिए कई बार ठेकेदार व ईओ से शिकायत कर चुके है। मगर खराब फ्रीजरों को ठीक नहीं कराया गया है। बताया जाता है कि नगरपालिका ठंडे पानी के फ्रीजरों को चालू रखने व इनकी मरम्मत कराने के लिए प्रत्येक माह एक फ्रीजर की सर्विस कराने को 4800 रूपए खर्च करती है। जबकि फ्रीजर का कोई सामान खराब होता है तो इसका अतिरिक्त चार्ज भी नगरपालिका देती है। इसके बावजूद खराब पड़े फ्रीजरों को ठीक नहीं किया जा रहा तथा जिन फ्रीजरों में ठंडा पानी नहीं आ रहा है उन्हें भी ठीक नहीं किया जाता है। क्षेत्र के लोगों ने खराब पड़े सभी फ्रीजरों को ठीक कराकर चालू कराने की मांग की है। इस मामले में संबंधित ठेकेदार से बात करने का प्रयास किया गया मगर उनसे सम्पर्क नहीं हो पाया।



**मौहल्ला रम्पुरा में खराब पड़ा ठंडे पानी का फ्रीजर।**

## सूचना

मेरा पुत्र आकाश कुमार व उसकी पत्नी मोनिका शर्मा उर्फ टमटा मेरा व परिवार का कहना नहीं मानते है। जिस कारण मैने उन्हें उनके कृत्यों से तंग आकर दिनांक 8-7-2026 को अपने संबंध विच्छेद कर अपनी चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। किसी भी अच्छे बुरे कार्य के लिए आकाश व मोनिका स्वयं जिम्मेदार होगे। मेरी पत्नी व परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

**-अवधेश कुमार शर्मा पुत्र मनफूल दत्त शर्मा, निवासी सुभाष नगर कालोनी, ग्राम जाबलपुर गूदड़, नजीबाबाद (जिला बिजनौर)**

## अध्यापकों को कैशलेस चिकित्सा कार्ड वितरित किये गये



नजीबाबाद (चिंगारी)। नजीबाबाद तहसील के कवि दुष्यंत कुमार सभागार में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा आयोजित कैशलेस चिकित्सा कार्ड वितरण कार्यक्रम का सीधा प्रसारण दिखाया गया। जिसमें ब्लॉक नजीबाबाद एवं किरतपुर के शिक्षक, शिक्षामित्र, अनुदेशक, रसोईया एवं कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय के अध्यापकों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का शुभारंभ ब्लॉक प्रमुख तपराज सिंह देशवाल एवं खंड शिक्षा अधिकारी राजमोहन द्वारा मां सरस्वती की मूर्ति पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया। ब्लॉक के अध्यापकों को कैशलेस चिकित्सा कार्ड वितरित किए गए। कार्यक्रम में एआरपी डॉ. राहुल वर्मा, रितेश भाटिया, सूची राणा, डॉ. मनोरमा, असद, जुबेर, रामेंद्र सिंह, नईम अहमद, ईशम सिंह, क्षेत्रीय वन अधिकारी रामकुमार, नायब तहसीलदार अतुल भगत, भाजपा नगर अध्यक्ष नकुल अग्रवाल, ममता, देवेंद्र शर्मा, संजीव सहरावत, हिमानी प्रजापति, चित्रा राजपूत, आरती, नंदनी बंसल, सुनील शर्मा, शिवम, अरुण, फहीम, मुकेश, रामनिवास राठी, अक्षय तालियान आदि उपस्थित रहे।





खुल गया! खुल गया!

**श्री लाइट**

सजावटी फैंसी लाइटें, लक्जरी झूमर, फैंसी वॉल लाइट्स, कोव लाइट, लाइट्स, लैम्प आदि की बेशुमार वैरायटियां उपलब्ध हैं।



पंखे ही पंखे कूलर ही कूलर

बढ़िया क्वालिटी बेहतरीन रेट

Fybros Fans,
Havells Fans
Orient Fans




**सिंघल इलेक्ट्रीक एजेन्सीज**

नई बस्ती, निकट गुरुद्वारा, बिजनौर

मो. 9897024836, 8800092476





## हर घर पर लगेगा पार्टी का झंडाः शैलेन्द्र

नजीबाबाद (चिंगारी)। अपना दल (एस) जनपद बिजनौर की मासिक बैठक जिला कार्यालय पर जिला अध्यक्ष शैलेन्द्र चौधरी एडवोकेट की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने के लिए विस्तृत चर्चा की गई। जिला अध्यक्ष शैलेन्द्र चौधरी ने स्पष्ट संदेश दिया कि पार्टी की पहली प्राथमिकता संगठन विस्तार व हर घर झंडा अभियान को सफल बनाना है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक सेक्टर, न्याय पंचायत, ब्लॉक तथा विधानसभा स्तर की टीमों का गठन शीघ्र पूर्ण किया जाए। सभी 13 नगर पंचायतों, 11 ब्लॉकों तथा पार्टी के 16 मंचों की कार्यकारिणी पूर्ण रूप से गठित होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि जो पदाधिकारी लंबे समय से निष्क्रिय हैं, उन्हें बदलकर सक्रिय एवं समर्पित कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी दी जाएगी। नगीना विधानसभा के सभी 404 बूथ अध्यक्षों की शीघ्र बैठक आयोजित की जाएगी, जिसमें बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने की रणनीति तय होगी तथा व्यापक संगठनात्मक चर्चा की जाएगी। जिला कोषाध्यक्ष किशोर कुमार ने भी संगठन को मजबूत करने के संबंध में अपने विचार रखे। बैठक का संचालन जिला महासचिव शाहिद ने किया। बैठक में किसान मंच के अभिषेक अंश चौधरी, दुष्यंत, आरिफ, गुलफाम सहित अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



### कविता

## अमरित जल बरसाए मेघा



सुरमइ श्यामल आए मेघा ।
अमृत जल बरसाए मेघा ।।
भरी खेत की फटी बिवइया ।
लड़ुआ बाँटे फसल बुवइया ।
भौजी ननदी नाचे छम-छम ,
नहा रहे देवर सँग भइया ।
राम,मुहम्मद,नानक,जीसस ,
की किरपा बरसाए मेघा ।।
अमरित जल बरसाए मेघा ।।
बाल-वृन्द सब नाचत भइया ।
ता-ता थइया, छप्पक छइया ।
बहते पानी की धारा में,
चलती कागज वाली नइया ।
लोग,लुगइयन, बूढ़न,बच्चन ,
सबके मन हरसाए मेघा ।
अमरित जल बरसाए मेघा ।।
वनचर,नभचर सभी अघाते ।
बस्ती, बाग, बगीचे गाते ।
माटी वाली सोंधी खुशबू ,
उड़ा-उड़ा कर जग महकाते ।
घोर तपन को शीतलता दे ,
मुरझे तन सरसाए मेघा ।
अमरित जल बरसाए मेघा ।।



**-इंद्रदेव भारती**
**नजीबाबाद (बिजनौर) उ.प्र.**

# उत्तराखंड के दो वीर सपूत मणिपुर में शहीद

## सैन्य सम्मान के साथ होगी अंतिम विदाई

**देहरादून ( चिंगारी )**। मणिपुर के उखरूल जिले में उग्रवादियों के कायराना हमले में उत्तराखंड के दो वीर सपूत मातृभूमि की रक्षा करते हुए शहीद हो गए। शहीदों में पौड़ी गढ़वाल के हवलदार (जीडी) चंद्रमोहन सिंह और अल्मोड़ा के वारंट ऑफिसर (जीडी) बलवंत सिंह शामिल हैं। दोनों के सर्वोच्च बलिदान से पूरे उत्तराखंड में शोक की लहर दौड़ गई है। जानकारी के अनुसार, सोमवार दोपहर करीब 1:50 बजे 40 असम राइफल्स का काफिला ड्यूटी पूरी कर शांगशाक बटालियन मुख्यालय लौट रहा था। इसी दौरान नुंगशांग कोंग के पास घात लगाए बैठे संदिग्ध उग्रवादियों ने अत्याधुनिक हथियारों और आईईडी के जरिए हमला कर दिया। इस हमले में दोनों जवान वीरगति को प्राप्त हुए। घटना के बाद सुरक्षा बलों ने पूरे इलाके की घेराबंदी कर सघन तलाशी अभियान शुरू कर दिया है। मणिपुर पुलिस के अनुसार, दोनों शहीदों का पोस्टमॉर्टम उखरूल में पूरा कर लिया गया है। आवश्यक औपचारिकताओं के बाद उनके पार्थिव शरीर सेना को सौंप दिए गए हैं और उन्हें सेना के हेलिकॉप्टर से उत्तराखंड लाया जा रहा है। दोनों वीर जवानों का उनके पैतृक गांवों में पूरे सैन्य सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया जाएगा। शहीद हवलदार चंद्रमोहन सिंह की शहादत ने उनके परिवार के दुख को और गहरा कर दिया है। उनके पिता गोविंद सिंह का 2 मई को निधन हुआ था।

पारिवारिक क्रियाक्रम पूरा करने के बाद वह 3 जुलाई को दोबारा ड्यूटी पर लौटे थे और महज तीन दिन बाद देश की रक्षा करते हुए



सर्वोच्च बलिदान दे दिया। उनके परिवार में पत्नी मंजू देवी, एक बेटा और दो बेटियां हैं। मणिपुर के गृहमंत्री गोविंददास कोंथौजाम ने हमले को कड़ी निंदा करते हुए कहा कि इस कायराना वारदात के दोषियों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा और उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उत्तराखंड आज अपने दो वीर बेटों को अंतिम विदाई देने की तैयारी कर रहा है। उनका सर्वोच्च बलिदान देशवासियों के लिए साहस, कर्तव्यनिष्ठा और राष्ट्रभक्ति की अमिट मिसाल बनकर हमेशा प्रेरणा देता रहेगा।

# 'अश्व वर्ष' में दिव्य होगा कैलाश मानसरोवर सफर, यात्रियों को मिलेगा 12 यात्राओं का पुण्य

**देहरादून ( चिंगारी )**। कैलाश मानसरोवर यात्रियों के लिए इस बार यह धार्मिक यात्रा बेहद खास होने जा रही है। दरअसल इसकी वजह तिब्बती पंचांग में वो अश्व वर्ष है, जिसे एक दुर्लभ खगोलीय घटना के रूप में शुभ वर्ष माना गया है। खास बात यह है कि इस दौरान कैलाश मानसरोवर यात्रा के तिब्बत क्षेत्र में कई धार्मिक आयोजनों को भी किया जाता है, जिससे यात्री रूबरू हो पाएंगे।



कैलाश मानसरोवर यात्रियों के लिए इस बार की यात्रा कई मायनों में बेहद खास और ऐतिहासिक होने जा रही है। इसकी सबसे बड़ी वजह तिब्बती पंचांग में शुरू हुआ अश्व वर्ष है, जिसे अत्यंत शुभ और दुर्लभ आध्यात्मिक संयोग माना जाता है। मान्यता है कि इस वर्ष में कैलाश पर्वत की परिक्रमा और मानसरोवर के दर्शन करने वाले श्रद्धालुओं को सामान्य वर्षों की तुलना में कई गुना अधिक पुण्य प्राप्त होता है। खास बात यह भी है कि इस दौरान तिब्बत में कई विशेष धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजन होते हैं, जिनका अनुभव इस बार यात्रा में शामिल होने वाले श्रद्धालु भी कर सकेंगे। कैलाश पर्वत और मानसरोवर झील का महत्व केवल हिंदू धर्म तक सीमित नहीं है। बौद्ध, जैन और बोन धर्म के अनुयायियों के लिए भी यह स्थल अत्यंत पवित्र और आस्था का केंद्र माना जाता है। यही कारण है कि हर वर्ष दुनिया के विभिन्न देशों से हजारों श्रद्धालु यहां पहुंचते हैं और कैलाश पर्वत की परिक्रमा तथा मानसरोवर झील के दर्शन कर आध्यात्मिक अनुभव प्राप्त करते हैं।

वैसे तो हर साल कैलाश मानसरोवर यात्रा अपने धार्मिक महत्व और कठिन भौगोलिक परिस्थितियों के कारण विशेष मानी जाती है, लेकिन इस बार तिब्बती पंचांग के अश्व वर्ष ने इसकी महत्ता को और बढ़ा दिया है। तिब्बती मान्यताओं के अनुसार यह वर्ष एक दुर्लभ खगोलीय और आध्यात्मिक संयोग का प्रतीक होता है, जो कैलाश यात्रा और पर्वत परिक्रमा के लिए अत्यंत शुभ माना जाता है। दरअसल तिब्बती पंचांग में समय का निर्धारण 12 पशुओं के चक्र के आधार पर किया जाता है। इसमें चूहा, बैल, बाघ, खरगोश, ड्रेगन, सांप, घोड़ा, बकरी, बंदर, मुर्गा, कुत्ता और सूअर शामिल हैं। इन सभी पशुओं का अपना अलग आध्यात्मिक और सांस्कृतिक महत्व माना जाता है। इनमें सातवें स्थान पर आने वाला घोड़े का वर्ष विशेष रूप से ऊर्जा, शक्ति, स्वतंत्रता, गति और प्रगति का प्रतीक माना जाता है। मान्यता है कि अश्व वर्ष के दौरान कैलाश पर्वत की परिक्रमा करने वाले श्रद्धालुओं को 12 बार यात्रा करने के बराबर पुण्य प्राप्त होता है। यही वजह है कि इस वर्ष को कैलाश यात्रियों के लिए विशेष अवसर के रूप में देखा जा रहा है। दुनिया भर से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के इस अवधि में यात्रा करने की संभावना जताई जा रही है। इतना ही नहीं अश्व वर्ष के पवित्र महीनों में तिब्बत क्षेत्र में कई विशेष धार्मिक अनुष्ठान, प्रार्थना सभाएं और आध्यात्मिक आयोजन भी आयोजित किए जाते हैं।

# लोकप्रियता से खिलवाड़ करते महानायक

-सत्यराज



आमिर खान भारतीय सिनेमा के सबसे प्रसिद्ध अभिनेता, फिल्म निर्माता और निर्देशकों में से एक हैं। उन्हें उनकी उत्कृष्ट अभिनय क्षमता और सामाजिक सरोकारों पर चिरजीवी फिल्में बनाने पर भारत सरकार ने पहले पद्मश्री( 2003) और बाद में पद्म भूषण( 2010) भी प्रदान किया। आमिर खान ने टीवी कार्यक्रम के अति लोकप्रिय मंच 'सत्यमेव जयते' के माध्यम से शिक्षा, महिला सुरक्षा, स्वास्थ्य, दहेज, बाल शोषण और अन्य सामाजिक मुद्दों पर देशव्यापी चर्चा को बढ़ावा दिया है। लेकिन यदि आपको 'सत्यमेव जयते' के मंच पर बैठकर पूछा जाए कि पूर्व में दो-दो पत्नियों और तीन बच्चे होने पर भी आपको तीसरी शादी की आवश्यकता क्यों पड़ी, वह भी 61 वर्ष की उम्र में। आपके लाखों, करोड़ों प्रशंसक चाहते हैं कि 'सत्यमेव जयते' नहीं तो वर्तमान में किसी भी मंच से अपनी स्थिति अथवा दो-दो पत्नी छोड़कर तीसरी शादी करने की जरूरत क्यों पड़ी, परिचर्चा जरूर करें।



आपने किसी मंच से कहा था कि भारत में आपकी पत्नी को डर लगता है तो उन्हें डर तो अभी भी लगता होगा। आप कैसे पति निकले जो उन्हें डरावने वातावरण की मझधार में छोड़कर अलग हो गए। अलग ही नहीं, आपने तीसरी शादी भी कर ली, वह भी अपने से 13-14 वर्ष छोटी महिला से। जनाब आप जैसे अतिलोकप्रिय और अमीर लोगों का संविधान भी अलग ही चलता है। आपको सामाजिक और पारिवारिक मूल्यों से कोई फर्क नहीं पड़ता। शारीरिक आकर्षण अथवा भूख के चलते आपको पहली पत्नी या पत्नियां बासी लगने लगती हैं। बड़े होते बच्चों का मोह भी आपको अनापेक्षित निर्णय लेने से नहीं रोक पाता। पहली को कानूनी तलाक देकर आप दूसरी, दूसरी के बाद तीसरी या आगे भी नई पत्नी ला सकते हैं, लेकिन कभी उन लाखों, करोड़ों अपने चाहने वालों के बारे में सोचा है जो आपसे सामाजिक रूप से कदम-कदम पर प्रेरित होते हैं।

एक बात और पूछनी है, आपको शादी के लिए सभी गैर इस्लामिक लड़कियां ही क्यों मिलती हैं। आपको करोड़ों मुस्लिम महिलाओं में कभी एक भी योग्य मुस्लिम लड़की शादी के योग्य नहीं मिली। आपने चलो हिंदू या ईसाई लड़की से शादी कर ली तो बच्चों के नाम मुस्लिम ही क्यों रखते हो। क्या यह पुरुष प्रधानता का प्रतीक नहीं है। आप आमिर खान हैं तो बच्चों के नाम जुनैद, आयरा जैसे ही होंगे। मोहन या सोहन जैसे क्यों नहीं। कहीं यह कोई सोची समझी रणनीति का हिस्सा तो नहीं रहता। लोकप्रियता के अति उच्च शिखर पर पहुंच चुके आप जैसे विशिष्ट लोग सामाजिक परंपराओं और मर्यादाओं का कब ध्यान रखते होंगे। ये सारे बंधन तो आम आदमी के लिए होते हैं। हमारे क्षेत्र में तो अब तक ऐसी शादी को लव जिहाद बताकर कई संगठन धप्पम धप्पा कर देते। आप खुश रहिए, जहां आप पहुंच चुके हैं। वहां पर शादी जैसी संस्था में नये-नये प्रयोग करना बहुत आसान हो भी जाता है। और हां आप अपने समकालीन हीरो शाहरुख खान से यह तो सीख सकते थे कि उसने एक ही विवाह किया, गौरी झब्बर नामक हिंदू महिला से और अब तक निभाया। यह अलग बात है कि शाहरुख ने भी अपने तीनों बच्चों को मुस्लिम ही नाम दिये हैं,गौरी के हिस्से में कोई एक भी हिंदू नाम नहीं आया।

## आज का विचार

**मिर्गी दौरे**

(मिर्गी के लक्षण)


1. अचानक बेहोश हो जाना
2. हाथ-पैर ऐंठ जाना
3. शरीर का अकड़ना
4. मुंह से झाग निकलना
5. मुट्ठियां कसना, आंखें पथराना





**डा. अय्यूब हसन 'मार्शल'**
M.B.B.S., G.M.C.S. (U.K.), M.I.P.S., M.I.E.A., F.I.P.S. (Fellow of Indian Psychiatry Society)

**डा. अर्सलान अय्यूब**
M.B.B.S. (TU), M.I.P.S.,
Member of Indian Psychiatry Association



(मानसिक रोग एवं उनके लक्षण)

1. डिप्रेशन, उदासी घबराहट (DEPRESSION)
2. पागलपन, गालियाँ देना, कानों में आवाजे आना, मारपीट, तोड़-फोड़ करना (SCHIZOPHRENIA)
3. शक की बीमारी, बार-बार हाथ धोना, ताले चेक करना (O.C.D)
4. नशा मुक्ति (शराब, भांग, सिगरेट) (DE ADDICTION)
5. बच्चों का मन्द बुद्धि होना, चिड़चिड़ा होना (ADHD), (AUTISM)
6. सरदर्द, सर का भारी होना, आधे सर में दर्द होना (MIGRAINE)
7. सेक्स समस्याएं (E.D) निसंतान

45 वर्ष से आपकी सेवा में

**मार्शल मिर्गी एवं मानसिक चिकित्सा केन्द्र**
पता-निकट चन्द्रा टाकीज़ सेन्ट्रल बैंक के सामने,
मुजफ्फरनगर (उ.प्र.) मो.- 9997892556, 9997411423

# क्रिकेट मैच के दौरान विवाद के चलते सीने में गोली मारी

### घायल युवक की हालत गंभीर, सात के विरुद्ध मामला दर्ज


घटनास्थल का निरीक्षण करते हुए सीओ किरतपुर।

**किरतपुर ( चिंगारी )।** क्रिकेट मैच के दौरान हुई कहासुनी के बाद घर लौटते वक्त तनातनी होने पर एक युवक को गोली मार दी गई। उसका इलाज मेरठ में चल रहा है। सात युवकों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस ने आवश्यक कार्यवाही शुरू कर दी। चिंगारी को मिली जानकारी के अनुसार निकटवर्ती ग्राम मिठारी में क्रिकेट मैच चल रहा था। किसी बात को लेकर दोनों टीमों में विवाद हो गया। उपस्थित लोगों ने मामले का निपटारा कर दिया और मैच बंद कर दिया। बाद में दोनों टीमों के खिलाड़ी घर लौट रहे थे। जैसे ही यह लोग ग्राम डबासोवाली नहर के पास पहुंचे तो फिर दोनों पक्ष आमने-सामने आ गये और मारपीट शुरू हो गई। इस दौरान एक युवक ने ग्राम पैमार निवासी रूपेंद्र की छाती पर गोली मार दी। घायल रूपेंद्र को उसके साथी सरकारी अस्पताल ले गए, जहां उसको बिजनौर रैफर कर दिया। गंभीर हालत को देखते हुए वहां से मेरठ रैफर कर दिया। रूपेंद्र के साथियों ने बताया कि आयुष निवासी बाहुपूरा ने गोली मारी है। घटना की सूचना मिलते ही सी ओ आकांक्षा गौतम व थाना अध्यक्ष पुष्पेंद्र चौधरी भी मौके पर पहुंचे। थाना अध्यक्ष पुष्पेंद्र चौधरी ने बताया आयुष समेत तीन लोग नामजद व चार अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# रिमांड पर लिये अभियुक्त की निशानदेही पर बाइक बरामद हुई



**चंदक ( चिंगारी )।** एक माह पूर्व कस्बे से चोरी हुई बाइक को रिमांड पर लिए आरोपी की निशानदेही पर पुलिस ने बरामद कर लिया। यहां एक दुकान निर्माण के कार्य में लगे मजदूर राजेंद्र पुत्र हरप्रसाद निवासी ग्राम नंगली थाना मंडावर की गली में खड़ी स्पेलेंडर बाइक चोरी हो गई थी। चोरी की घटना सीसीटीवी में कैद हो गई थी। पुलिस के अनुसार जांच में देशराज निवासी मोहल्ला मायापुरी थाना गजरौला, जनपद अमरोहा व गौरव उर्फ गब्बर निवासी बिरमपुर थाना चांदपुर जनपद बिजनौर के नाम सामने आए। पुलिस ने देशराज को पूर्व में गिरफ्तार कर लिया था और गौरव उर्फ गब्बर ने कोर्ट में आत्मसमर्पण कर दिया था। जिसके बाद पुलिस ने कोर्ट से उसे रिमांड पर लेकर बाइक को बरामद किया। गिरफ्तार करने वाली टीम में दरोगा सुशील कुमार, कांस्टेबल कपिल तोमर, प्रवेश कुमार, रितिक कुमार, विकास कुमार शामिल रहे।

# संजय जैन बने उद्योग व्यापार मंडल के नगराध्यक्ष, नागेश्वर दयाल महामंत्री


नवनियुक्त नगर अध्यक्ष संजय जैन का माल्यार्पण करते हुए सरदार गुरुशरण सिंह मोहन।

**धामपुर ( चिंगारी )।** बुधवार की सायं उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार पतिनिधिमंडल की लोहियान धर्मशाला में आयोजित बैठक में सर्वसम्मति से धामपुर के युवा व्यापारी संजय जैन को नगर अध्यक्ष एवं नागेश्वर दयाल गहलोत को महामंत्री चुना गया, जिनको व्यापार मंडल के प्रदेश उपाध्यक्ष सरदार गुरुशरण सिंह मोहन ने माल्यार्पण कर कार्यभार ग्रहण कराया।

बैठक में नगर उपाध्यक्ष ललित गर्ग, पंकज जैन, पराग गुप्ता, नसीम सलमानी एवं वरिष्ठ उपाध्यक्ष सचिन अग्रवाल, के के, नगर मंत्री विवेक चौहान, सचिन अग्रवाल दाल वाले, जिला अध्यक्ष जितेंद्र गोयल एवं महामंत्री मनोज भटनागर, अरुण वर्मा, संयुक्त महामंत्री प्रदेश मुकेश रस्तोगी, पूर्व जिला महामंत्री उदित बंसल एवं व्यापारी/भाजपा नेता राकेश चौधरी, संजय अग्रवाल, प्रतीक जैन, सचिन सिंघल, कामराज सिंह, सतीश कुमार, अरुण वर्मा, गौरव अग्रवाल, संजय शर्मा बिल्लू, केशु हलवाई, विकास जैन, देवेंद्र भटनागर टीटू, पंकज जैन, अमित रस्तौगी, सुशील महेश्वरी, श्याम बाबूजी, सतीश दुआ, अवधेश अग्रवाल, विवेक चौहान, गर्व गोयल आदि उपस्थित रहे। बैठक का संचालन जिला महामंत्री मनोज भटनागर ने किया।

# जयंत चौधरी से मिले मो. जैद



**नहटौर ( चिंगारी )।** पालिकाध्यक्षा पति मौ.जैद रशीद ने दिल्ली में केंद्रीय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) एवं राष्ट्रीय लोकदल के अध्यक्ष जयंत चौधरी से शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान उन्हें अपने क्षेत्र के प्रसिद्ध स्वादिष्ट आम भेंट किये। इसके साथ ही मौ.जैद ने नहटौर के आमों को अंतर्राष्ट्रीय बाजार तक ले जाने में सहयोग की अपील की। जिससे आम किसानों को फसल का अच्छा दाम मिले। उन्होंने क्षेत्र की उत्कृष्ट आम की किस्मों की शेल्फ लाइफ बढ़ाकर उन्हें अंतरराष्ट्रीय बाज़ारों तक पहुंचाने और किसानों को बेहतर अवसर दिलाने पर चर्चा की। मौ.जैद रशीद ने बताया कि मंत्री जी का मार्गदर्शन एवं स्नेहपूर्ण व्यवहार प्रेरणादायक रहा। उन्होंने आम किसानों के लिए कृषि मंत्रालय से वार्ता करने का आश्वासन दिया।

# शिक्षकों को डिजिटल आई-कार्ड वितरित किये


शिक्षक परवेज़ आदिल माही को शिक्षक कैशलेश चिकित्सा योजना का प्रमाण पत्र देते तहसीलदार।

**नगीना ( चिंगारी )।** तहसील सभागार में बुधवार की दोपहर प्रदेश सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी एवं शिक्षा हितैषी योजनाओं के क्रियान्वयन को लेकर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता व कोतवाली ब्लॉक प्रमुख के पति ठाकुर विकास राजपूत उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ भाजपा नेता ठाकुर विकास राजपूत,तहसीलदार अमरपाल सिंह, नायब तहसीलदार पंकज राना, गन्ना समिति नगीना के डायरेक्टर पंकज चौहान, खंड शिक्षा अधिकारी इंद्रजीत सिंह द्वारा मां सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप जलाकर किया गया। इसके उपरांत संविलियन विद्यालय मलकपुर अब्दुल्ला की छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गई।

इस अवसर पर सरकार की महत्वपूर्ण 'मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना' के अंतर्गत चयनित 10 शिक्षकों को मुख्य अतिथि व प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा डिजिटल आई-कार्ड वितरित किए गए। आई-कार्ड प्राप्त करने वाले प्रमुख शिक्षकों में हीना परवीन, विनोद शर्मा, उदिति चौहान, अनामिका बिश्नोई, राशि शर्मा, विनोद कुमार, ओंकार सिंह, परवेज आदिल और हिमांशु राजपूत आदि शामिल रहे। जिसके तहत प्रदेश के 12 लाख शिक्षकों एवं उनके परिवारों को कैशलेस चिकित्सा का सीधा लाभ प्राप्त होगा इस मौके पर शिक्षक नेता यशपाल सिंह, गर्वित कुमार, शिक्षक राजेश कुमार, कमल कुमार, भूपेंद्र कुमार, राकेश कुमार, कामिनी दिवाकर, प्रेमलता, नीतू सिंह,दिलशाद जहां, अजयवीर, अनंत विश्वकर्मा, निशा गुप्ता आदि मौजूद रहीं।

# डॉ. रामप्रकाश त्यागी का निधन



**नूरपुर ( चिंगारी )।** क्षेत्र के प्रसिद्ध सुयोग्य चिकित्सक रतनगढ़ निवासी डॉ. रामप्रकाश त्यागी का गुरुवार की सुबह मेरठ में उपचार के दौरान निधन हो गया। एमडी मेडिसिन योग्यताधारी 71 वर्षीय डॉ रामप्रकाश त्यागी लगभग चालीस वर्षो से अपने गांव रतनगढ़ में चिकित्सक के रूप में अपनी सेवा दे रहे थे। क्षेत्र ही नही बल्कि जनपद बिजनौर, अमरोहा व मुरादाबाद क्षेत्र से भी भारी संख्या में उपचार के लिए उनके पास रोगी आते थे।

# गौसेवा हम सबकी सामाजिक और आध्यात्मिक जिम्मेदारी-महेश शुक्ल

## गौमाता का स्थान गौशाला नहीं, उसका खूंटा है



**बिजनौर ( चिंगारी )। उत्तर प्रदेश गौ सेवा आयोग के उपाध्यक्ष महेश कुमार शुक्ल ने कहा कि गौमाता का स्थान गौशाला नहीं, उसका खूंटा है। उन्होंने कहा कि गौसेवा केवल प्रशासनिक दायित्व नहीं, बल्कि प्रत्येक व्यक्ति का मानवीय, सामाजिक और आध्यात्मिक उत्तरदायित्व है।**

बुधवार को कलक्ट्रेट सभागार में आयोजित प्रेस वार्ता में श्री शुक्ल ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार निराश्रित गौवंश के संरक्षण, संवर्धन और समुचित देखभाल के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। सरकार ने गौसेवा को प्राथमिकता देते हुए कई जनकल्याणकारी योजनाएं लागू की हैं, जिनके सकारात्मक परिणाम पूरे प्रदेश में दिखाई दे रहे हैं। उन्होंने बताया कि प्रदेश में वर्तमान में 7,700 से अधिक गौ-आश्रय स्थल संचालित हैं, जहां 16 लाख से अधिक निराश्रित गौवंश को सुरक्षित आश्रय, चारा, स्वच्छ पेयजल और पशु चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। उत्तर प्रदेश देश का पहला राज्य है, जहां निराश्रित गौवंश के भरण-पोषण के लिए प्रति गौवंश प्रतिदिन 50 रुपये की सहायता राशि दी जा रही है। बिजनौर जनपद का उल्लेख करते हुए उन्होंने बताया कि यहां

### बिजनौर में 71 गौशालाओं में 10,609 गौवंश संरक्षित

71 गौआश्रय स्थल संचालित हैं, जिनमें 10,609 गौवंश संरक्षित हैं। वहीं 1,301 गौपालकों ने सहभागिता योजना के तहत 2,403 गौवंश को अपनाकर सामाजिक भागीदारी का उदाहरण पेश किया है। श्री शुक्ल ने कहा कि प्रदेश सरकार उत्तर प्रदेश गौवध निवारण अधिनियम-1955 के तहत गौवंश की सुरक्षा को लेकर पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के स्पष्ट निर्देश हैं कि निराश्रित गौवंश की सेवा, सुरक्षा और संरक्षण में किसी भी प्रकार की कमी नहीं आने दी जाएगी। प्रदेश सरकार संवेदनशील और समर्पित दृष्टिकोण के साथ गौ-संरक्षण को सुशासन का महत्वपूर्ण आधार मानते हुए लगातार कार्य कर रही है। प्रेस वार्ता में गौ सेवा आयोग के सदस्य दीपक गोयल तथा पशुपालन एवं पशु चिकित्सा विभाग के अधिकारी भी मौजूद रहे।

## बिजनौर व चांदपुर में किया गौशालाओं का निरीक्षण



**बिजनौर ( चिंगारी )।** उत्तर प्रदेश गौ सेवा आयोग के उपाध्यक्ष महेश कुमार शुक्ल ने बुधवार को मुख्यमंत्री के निर्देश पर चांदपुर क्षेत्र व बिजनौर में गौशालाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने गौवंश को गुड़ खिलाकर माल्यार्पण किया और गौशालाओं की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान एक-दो गौवंश कमजोर अवस्था में मिलने पर उन्होंने अधिकारियों को उनके समुचित उपचार, पोषण और नियमित देखभाल सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उपाध्यक्ष ने गौशालाओं में हरे चारे, भूसे और चोकर की उपलब्धता को संतोषजनक बताते हुए अधिकारियों की सराहना की। सभी केयरटेकर ड्यूटी पर मौजूद मिले तथा सीसीटीवी कैमरे भी सुचारू रूप से संचालित पाए गए। उन्होंने निर्देश दिये कि बरसात और गर्मी के मौसम को देखते हुए हरे चारे की उपलब्धता और बढ़ाई जाए तथा गौशाला में कूलर सहित अन्य आवश्यक सुविधाएं और सुदृढ़ की जाएं।

## वृक्ष धरा के आभूषण : स्वाति वीरा



**बिजनौर ( चिंगारी )।** राजा ज्वाला प्रसाद आर्य इंटर कॉलेज बिजनौर में वन महोत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यालय परिसर में मुख्य अतिथि सचिव रेडियो संदेश 89.6 एवं वरिष्ठ समाज सेविका स्वाति वीरा महाजन एवं प्रधानाचार्य गय्यूर आसिफ व छात्रों द्वारा वृक्षारोपण किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि स्वाति वीरा ने कहा कि वृक्ष धरा के वे आभूषण हैं जो पर्यावरण और समाज दोनों के लिए महत्वपूर्ण लाभ प्रदान करता है। वृक्षों के बिना जीवन संभव नहीं है। प्रधानाचार्य गय्यूर आसिफ ने कहा कि वन महोत्सव हमें पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रेरित करता है जिससे जलवायु परिवर्तन हरित आवरण में वृद्धि मृदा और जल संरक्षण में वृद्धि होती है। इस अवसर पर सुरेशचंद्र शर्मा, सोरन सिंह परिहार, उपप्रधानाचार्य बालेश कुमार, जिला विज्ञान समन्वयक सुधांशु वत्स, कृषि विज्ञान प्रवक्ता मनोज कुमार यादव, डीओसी (स्काउट) चंद्रहास सिंह, नरेंद्र कुमार, बृजेश कुमार राजपूत, सुधीर कुमार राजपूत, सुभाष बाबू राजपूत, एसपी गंगवार, अतुल कुमार रस्तोगी, विनोद कुमार यादव, तेजपाल सिंह, भूपेंद्रपाल सिंह, मोहम्मद अनस आदि मौजूद रहे।

## बूथ जीतेंगे-चुनाव जीतेंगे..

### विधानसभा चुनाव 2027 की तैयारी में जुटा रालोद



**बिजनौर ( चिंगारी )।** विधानसभा चुनाव 2027 की तैयारियों को लेकर राजनीतिक गतिविधियां तेज हो गई हैं। इसी क्रम में बिजनौर विधानसभा के बूथों को मजबूत करने के उद्देश्य से विधानसभा अध्यक्ष मास्टर इंद्रमणी ने बुधवार को गांव सदुपुरा और बुढ़ियापुर का दौरा किया। उन्होंने ग्रामीणों और कार्यकर्ताओं के साथ चौपाल लगाकर चुनावी रणनीति पर चर्चा की। चौपाल में सभी ने एकजुट होकर संकल्प लिया कि बूथ जीतेंगे, चुनाव जीतेंगे।

पूनम चौधरी ने कहा कि जनपद बिजनौर की राजनीति में बिजनौर विधानसभा का महत्वपूर्ण स्थान है। वहीं अशोक जाटव ने कहा कि 36 बिरादरियां चौधरी साहब के साथ हैं और संगठन को लगातार समर्थन मिल रहा है।

हाजी अब्दुल मालिक ने कहा कि भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह, पूर्व केंद्रीय मंत्री स्वर्गीय चौधरी अजित सिंह और राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी जयंत सिंह हमेशा सभी वर्गों के साथ खड़े रहे हैं। इस अवसर पर मौहम्मद नईम, मौहम्मद उस्मान, मौहम्मद एहसान, मोहसिन, हासिम, इस्लामउद्दीन, मौहम्मद सुब्हान, हामिद, इरफान, इकबाल, इनैत, रिजवान, काले, सुरेंद्र, राजकुमार, नरेंद्र सिंह सहित अन्य लोग मौजूद रहे।



## रेहड़ पुलिस ने डीजे संचालकों को पढ़ाया क़ानून का पाठ

**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )। सावन मास की कांवड़ यात्रा के मद्देनजर रेहड़ पुलिस ने कांवड़ यात्रा सकुशल संपन्न कराने और कानून व्यवस्था को चुस्त दुरुस्त बनाए रखने के उद्देश्य से बुधवार की शाम थाना प्रांगण में डीजे संचालकों की बैठक लेकर उन्हें शासन की गाइडलाइंस से अवगत कराया। अपने संबोधन में प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार वर्मा ने डीजे की ऊंचाई एवं आवाज मानक के अनुरूप रखने की नसीहत की और शासन-प्रशासन के निर्देशों का पूर्णतया पालन कर कांवड़ जैसी पवित्र यात्रा की सकुशल संपन्नता में सहयोग का आह्वान किया। इस अवसर पर एसआई भीम सिंह व रहीशपाल सिंह सहित अनेक डीजे संचालक मौजूद रहे।**

# नजदीक आया चुनाव, दावेदार जा रहे गांव-गांव

**मुहम्मद अजमल**

**चांदपुर (चिंगारी)।** अगले वर्ष होने वाले विधानसभा चुनाव में अब कुछ ही महीने बाकी रह गये हैं, विधानसभा चुनाव नजदीक आते देख सभी राजनैतिक दलों से चुनाव लड़ने के इच्छुक दावेदारों ने क्षेत्र में गांव-गांव जाकर मतदाताओं से संपर्क करना शुरू कर दिया है।

## कांटे का संघर्ष रहा

**वर्ष 2022 के विधानसभा चुनाव में जहां भारतीय जनता पार्टी ने विधायक श्रीमती कमलेश सैनी पर भरोसा जताते हुए उन्हें पुन: उम्मीदवार बनाकर चुनाव मैदान में उतारा, वहीं समाजवादी पार्टी ने स्वामी ओमवेश को तथा बहुजन समाज पार्टी ने डा. शकील हाशमी को चुनाव मैदान में उतारा था। कांटे के चुनाव में समाजवादी पार्टी उम्मीदवार स्वामी ओमवेश ने मात्र 234 वोट से जीत हासिल की। स्वामी ओमवेश को 90522 मत व भाजपा उम्मीदवार श्रीमती कमलेश सैनी को 90288 मत मिले। इससे पूर्व वर्ष 1993 में हुए विधानसभा चुनाव में निर्दलीय उम्मीदवार चौ. तेजपाल ने मात्र 392 मतों से जीत हासिल की थी। इस चुनाव में निर्दलीय चौ. तेजपाल सिंह को 37540 वोट तथा भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार डा. अमर सिंह को 37148 मत मिले थे।**



स्वामी ओमवेश | कमलेश सैनी

### वर्ष 2017 का चुनाव

| | | |
|---|---|---|
| ⏭ | कमलेश सैनी भाजपा | 92354 मत |
| ⏭ | मौ. इकबाल बसपा | 56696 मत |
| ⏭ | अरशद अंसारी समाजवादी पार्टी | 36531 |

### वर्ष 2022 का चुनाव

| | | |
|---|---|---|
| ⏭ | स्वामी ओमवेश समाजवादी पार्टी | 90522 मत |
| ⏭ | कमलेश सैनी भाजपा | 90288 |
| ⏭ | डा. शकील हाशमी बसपा | 37359 |

## कमलेश सैनी के नाम हैं तीन रिकॉर्ड

***पूर्व विधायक श्रीमती कमलेश सैनी ने जहां सबसे अधिक 35658 वोटों से चुनाव जीतने का रिकॉर्ड बनाया था, वहीं सबसे कम मात्र 234 वोट से चुनाव हारने का रिकॉर्ड भी बनाया। वह क्षेत्र से पहली महिला विधायक भी बनीं।***

## विधायक स्वामी ओमवेश ने दो रिकॉर्ड बनाये

**विधायक स्वामी ओमवेश ने सबसे कम 234 वोट से चुनाव जीतने व पहली बार चांदपुर विधानसभा से समाजवादी पार्टी को सीट दिलाने का रिकॉर्ड बनाया।**

संभावित उम्मीदवारों द्वारा मतदाताओं से संपर्क करने से क्षेत्र में राजनैतिक सरगर्मियां बढ़ गई हैं। चांदपुर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा, समाजवादी पार्टी, राष्ट्रीय लोकदल, बहुजन समाज पार्टी, आजाद समाज पार्टी से टिकट मांग रहे दावेदारों द्वारा गांव-गांव जाकर मतदाताओं से संपर्क किया जा रहा है। अनेक बाहरी व्यक्ति भी चांदपुर विधानसभा क्षेत्र से टिकट मांग रहे हैं। किस राजनैतिक दल से कौन उम्मीदवार होगा, यह तो आने वाला समय ही बताएगा।

# जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण हेतु आवेदन आमंत्रित

**बिजनौर (चिंगारी)।** जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया है कि दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग, उत्तर प्रदेश द्वारा वर्ष 2026-27 में राज्य निधि मद के अंतर्गत दिव्यांगजनों को विभिन्न मदों में वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी। इसके तहत दिव्यांगजनों द्वारा तैयार किए गए चित्रों, हस्तशिल्प एवं अन्य उत्पादों की प्रदर्शनी व कार्यशालाओं, खेल, कला, संगीत, नृत्य, फिल्म, थिएटर एवं साहित्य के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले दिव्यांगजनों को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय आयोजनों में प्रतिभाग के लिए सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। इसके अलावा उच्च सहायता वाले उपकरण (हाई सपोर्ट नीड इंस्ट्रूमेंट), गंभीर बीमारियों के उपचार, शिक्षा एवं पुनर्वास कार्यक्रम, विशेष विद्यालयों में प्रयोगशालाओं की स्थापना, खेल सुविधाओं के विकास तथा पुनर्वास से संबंधित राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय कार्यशालाओं के आयोजन के लिए भी वित्तीय सहायता का प्रावधान किया गया है। जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी ने पात्र दिव्यांगजनों से शासन द्वारा निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुसार आवश्यक औपचारिकताएं पूर्ण कर अपने प्रस्ताव कार्यालय जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी, विकास भवन, बिजनौर में जमा करने की अपील की है।

# मकान का हो रहा नवनिर्माण चोरी हो गया उसका सामान

**पैजनिया (चिंगारी)। सोमवार की रात क्षेत्र के ग्राम तोहफापुर में चोर एक निर्माणधीन मकान से सबमर्सिबल पंप की मोटर और केबल चोरी करके ले गए। मकान मालिक ने पैजनिया चौकी में तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है। गांव तोहफापुर में सड़क के किनारे ग्राम निवासी विजेंद्र पुत्र जय सिंह का मकान बन रहा है। वीरेंद्र ने थाने में दी गई तहरीर में बताया कि सोमवार की रात में किसी समय अज्ञात चोर मकान में लगे सबमर्सिबल पंप का मोटर और उसकी केबल चोरी करके ले गए। बिजेंद्र ने पैजनिया पुलिस को तहरीर देकर मामले में कार्यवाही की मांग की है।**

# जयंत चौधरी के खिलाफ अभद्र भाषा का प्रयोग करने वाले पर कार्यवाही की मांग

**किरतपुर (चिंगारी)।** राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) के क्षेत्रीय मंत्री (युवा, रूहेलखंड क्षेत्र) एवं युवा इंडियन बैकवर्ड कॉन्फ्रेंस उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष चौधरी शोएब ने सोशल मीडिया पर वायरल एक वीडियो को लेकर बिजनौर पुलिस से निष्पक्ष जांच कर कानूनी कार्रवाई की मांग की है।



आरोपी नागेन्द्रपाल सिंह

चौधरी शोएब ने जारी बयान में कहा कि फेसबुक पर नागेन्द्र पाल सिंह नाम की आईडी से वायरल हो रही एक वीडियो में रालोद के राष्ट्रीय अध्यक्ष, जयंत चौधरी के खिलाफ कथित रूप से अभद्र एवं अमर्यादित भाषा का प्रयोग किया गया है। इससे पार्टी कार्यकर्ताओं और समर्थकों में रोष व्याप्त है। उन्होंने कहा कि जयंत चौधरी देश के पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह के पौत्र तथा पूर्व केंद्रीय मंत्री अजीत सिंह के पुत्र हैं। ऐसे वरिष्ठ जननेता के विरुद्ध आपत्तिजनक टिप्पणी लोकतांत्रिक मर्यादाओं के विपरीत है। रालोद नेता ने पुलिस प्रशासन से मांग की कि वायरल वीडियो और संबंधित सोशल मीडिया अकाउंट की निष्पक्ष जांच कराई जाए। यदि जांच में किसी प्रकार का कानून का उल्लंघन पाया जाता है तो संबंधित व्यक्ति के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जाए। चौधरी शोएब ने कहा कि राष्ट्रीय लोकदल का प्रत्येक कार्यकर्ता कानून और संविधान में विश्वास रखता है तथा प्रशासन से निष्पक्ष एवं समयबद्ध कार्रवाई की अपेक्षा करता है। उन्होंने लोगों से सोशल मीडिया पर संयमित भाषा का प्रयोग करने और सामाजिक सौहार्द बनाए रखने की भी अपील की।

चिंगारी
ख़बर सबसे पहले
असर सबसे ज़्यादा

# अज्ञात वाहन से टकराकर निराश्रित गौवंश की मौत

**पैजनिया (चिंगारी)।** क्षेत्र के गांव शरीफपुर की नहर की पुलिया के पास अज्ञात वाहन से टकराकर निराश्रित गौवंश की मौत हो गई। सूचना पाकर स्थानीय पुलिस ने गौवंश को उठाकर उसका शव मिट्टी में दबाया। बुधवार को हल्दौर थाना क्षेत्र के गांव शरीफपुर की नहर की पुलिया के पास बृजपाल के घर के सामने निराश्रित गौवंश अज्ञात वाहन से टकरा गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मौके पर पहुंचे पैजनिया पुलिस चौकी से हैड कांस्टेबल रणधीर सिंह, कांस्टेबल दिलशाद व सागर गौतम ने ग्रामीणों की सहायता से मृत गौवंश के शव को ग्रामीणों की सहायता से उजाड़ माजरा अलीजानपुर के जंगल में मिट्टी में दबाकर अंतिम संस्कार कर दिया।

# मंगल मय हो मिलन तुम्हारा...

**छाछरी मोड़ (चिंगारी)।** क्षेत्र के गांव फतेहपुर कला निवासी सूरज सिंह राठी के सुपौत्र और विनीता देवी एवं सुनील राठी के सुपुत्र प्रिंस राठी तथा श्रीमती नीतू सिंह एवं ओंमकार सिंह निवासी नोएडा की सुपुत्री आयु. वर्णिका का शुभ विवाह धूमधाम के साथ संपन्न हुआ। वर वधू को आशीर्वाद देने वालों का तांता लगा रहा, जिसमें मुख्यत: पूर्व मंत्री विधायक स्वामी ओमवेश, डॉक्टर धर्मवीर सिंह, भाजपा के वरिष्ठ नेता प्रिंस चौधरी, ब्लॉक प्रमुख उदयपाल सिंह, रामगोपाल बाबूजी, राजकुमार एडवोकेट, सोनू प्रधान, नीरज कुमार, मोहित, कपिल कुमार, हेमेंद्र सिंह, डॉ. अनिल कुमार, संजय कुमार, वरुण राठी, प्रधान नरपल सिंह, प्रधान निपेंद्र सिंह आदि रहे। चिंगारी परिवार नवदंपति के सुखद एवं सफल जीवन की कामनाा करता है।



# शिक्षकों को मिले स्वास्थ्य सुरक्षा कार्ड



**बिजनौर (चिंगारी)। बेसिक एवं माध्यमिक शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार को मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना एवं डीबीटी हस्तांतरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रभारी मंत्री कपिल देव अग्रवाल सहित जनप्रतिनिधियों ने दीप प्रज्वलित कर किया।** मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण देखने के बाद प्रभारी मंत्री ने शिक्षकों, शिक्षामित्रों, रसोइयों तथा अन्य लाभार्थियों और उनके आश्रितों को मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना के कार्ड वितरित किए। इस अवसर पर प्रभारी मंत्री ने कहा कि इस योजना के तहत सूचीबद्ध अस्पतालों में लाभार्थियों को कैशलेस उपचार की सुविधा मिलेगी, जिससे उन्हें बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं और आर्थिक राहत प्राप्त होगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार शिक्षा और स्वास्थ्य दोनों क्षेत्रों में लगातार जनहितकारी कार्य कर रही है। इस दौरान उन्होंने कक्षा एक के दो विद्यार्थियों का नामांकन पंजिका में दर्ज किया तथा परिषदीय विद्यालयों के छात्र-छात्राओं को डीबीटी के माध्यम से मिलने वाली यूनिफॉर्म, स्टेशनरी, बैग आदि की सामग्री वितरित कर उनका उत्साहवर्धन किया। जिलाध्यक्ष भूपेंद्र चौहान, नहटौर विधायक ओम कुमार, पूर्व विधायक कमलेश सैनी, नगर पालिका अध्यक्ष इंदिरा सिंह, वरिष्ठ भाजपा नेता सी.पी. सिंह ने योजना को शिक्षकों और विद्यार्थियों के हित में महत्वपूर्ण कदम बताया। कार्यक्रम में बेसिक शिक्षा अधिकारी सचिन कसाना एवं जिला विद्यालय निरीक्षक धर्मेंद्र सक्सेना ने योजना की रूपरेखा प्रस्तुत की तथा स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के प्रतिनिधियों से सांकेतिक एमओयू ग्रहण किया गया। जिलाधिकारी जसजीत कौर और मुख्य विकास अधिकारी रणविजय सिंह ने अतिथियों को स्मृति चिह्न भेंट कर आभार व्यक्त किया। यर्क्रम का संचालन शिक्षिका आकांक्षा चौधरी ने किया।

# मुकरपुर गदाई में हुआ खूनी संघर्ष

## दोनों पक्षों के आठ लोग घायल, चार की हालत गम्भीर



संघर्ष के दौरान तमंचा दिखाता हुआ युवक।



संघर्ष में घायल व्यक्ति।

**हीमपुर दीपा ( चिंगारी )।** थाना क्षेत्र के ग्राम मुकरपुर गदाई निवासी दो पक्षों में तीन दिन पूर्व हल्दौर मे गाली-गलौच के विरोध को लेकर शुरू हुआ विवाद बुधवार को खूनी संघर्ष में बदल गया। दोनों पक्षों मे देखते ही देखते लाठी-डंडों तथा धारदार हथियारों से हमला हो गया। ग्रामीणों ने किसी तरह दोनों पक्षों को अलग कराया और घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र स्याऊ पहुंचाया। घटना में दोनों पक्षों के कुल आठ लोग घायल हुए हैं, जिनमें एक पक्ष के चार की हालत गंभीर होने पर उन्हें जिला अस्पताल बिजनौर रेफर कर दिया गया।कई लोगों के सिर, हाथ और शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आईं है । घटना के बाद गांव में तनाव का माहौल बना रहा, जिसे देखते हुए पुलिस ने एहतियातन निगरानी बढ़ा दी है । घटना में एक पक्ष से सुभाष, सुरेंद्र पुत्र धूप सिंह, सनोज पुत्र धूप सिंह, विकुल पुत्र सुभाष (सभी निवासी मुकरपुर गदाई) तथा उनके रिश्तेदार जतिन पुत्र सूरज सिंह निवासी अगरी, थाना बिजनौर गभीर रूप से घायल हुए है । इनमें सुभाष, सुरेंद्र, सनोज और जतिन की हालत गंभीर बताई गई, जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल बिजनौर रेफर कर दिया गया है । वहीं दूसरे पक्ष से रमेश उर्फ मेसे, उसकी पुत्री सोनाली तथा वीरेंद्र घायल हुए हैं। घायल सुभाष पक्ष की ओर से सोमेंद्र पुत्र धूप सिंह ने थाना हीमपुर दीपा में दी गई तहरीर में आरोप लगाया है कि उनके परिवार से पुरानी रंजिश रखने वाले दूसरे पक्ष के रमेश उर्फ मेसे, विशेष पुत्र रमेश, वीरेंद्र पुत्र होशराम तथा अंकुल पुत्र वीरेंद्र ने बुधवार सुबह उनके भाई सुभाष पर उस समय घात लगाकर हमला कर दिया, जब वह हल्दौर स्थित अपनी ऑटो पार्ट्स की दुकान पर जा रहे थे। आरोप है कि आरोपियों ने धारदार हथियारों और लाठी-डंडों से हमला किया है।शोर सुनकर बीच-बचाव के लिए पहुंचे परिजनों पर भी हमला कर उन्हें भी गभीर रूप से घायल कर दिया है।

### विशेष के हाथ में तमंचा था

**सोमेन्द्र द्वारा थाने में दी गई। तहरीर में यह भी आरोप लगाया गया है कि विशेष कुमार पुत्र रमेश के हाथ में तमंचा था, जिससे वह जान से मारने की धमकी दे रहा था। मामले को लेकर गांव में तनावपूर्ण शांति बनी हुई है।**

### चार दिन पूर्व हल्दौर में हुआ था विवाद

दोनों पक्षों में चार दिन पूर्व भी कस्बा हल्दौर में गाली गलौज को लेकर मारपीट हुई थी, घटना के संबंध में थाना हल्दौर मे मुकदमा पंजीकृत किया गया था। थाना प्रभारी निरीक्षक सत्येंद्र सिंह ने बताया कि सुभाष पक्ष की ओर से तहरीर प्राप्त हुई है। तहरीर के आधार पर पांच के विरुद्ध संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है। साथ ही दूसरे पक्ष से भी यदि तहरीर प्राप्त होती है तो उसकी जांच कर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

# बैनामाशुदा भूमि पर अवैध कब्जे का आरोप लगाया

## राजस्व व पुलिस टीम ने निर्माण कार्य को रूकवाया



**शेरकोट ( चिंगारी )।** एक व्यक्ति द्वारा उसकी बैनामा शुदा आराजी पर कुछ लोगों द्वारा कब्जा का प्रयास किए जाने की शिकायत पर राजस्व विभाग की टीम व पुलिस ने मौके पर पहुंचकर निर्माण कार्य को रूकवा दिया। जानकारी के अनुसार नगर के मुहल्ला इमामबाड़ा निवासी आज़ाद ख़ान ने तहसील समाधान दिवस में की गई शिकायत में बताया था कि उन्होंने सन् 1996 में नगर के मुहल्ला फतेहनगर स्थित खसरा नंबर 550 खरीदी थी। जब से ही इस भूमि पर वह काबिज है और उनका लम्बे समय तक अपने पड़ोसी से पानी को लेकर न्यायालय में भी मुकदमा चला है। आरोप है कि नगर के मुहल्ला चौधरियान निवासी कुछ लोग उनकी बैनामा शुदा इस भूमि पर निर्माण कर कब्जा करने का प्रयास कर रहे हैं, और आरोपी हाइवे में आ चुकी अपनी भूमि का मुआवजा भी ले चुके हैं।आजाद ख़ान का कहना है कि उन्होंने नगर पालिका को भी इस सम्बन्ध में प्रार्थना पत्र देकर अवैध रूप से हो रहे निर्माण को रूकवाने की गुहार की है। वहीं आरोपी पक्ष आरोपो को ग़लत बता रहा है । उनका कहना है कि इस भूमि का खसरा नम्बर 549 है। शिकायत के आधार पर बुधवार को राजस्व विभाग की टीम और पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों पक्षों से जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने विवादित भूमि पर चल रहे निर्माण को फिलहाल रुकवा दिया। टीम के जाने के बाद निर्माण कार्य पुन: शुरू हो गया। लेखपाल छत्रपाल सिंह ने बताया कि मामले की जांच कर अधिकारियों को रिपोर्ट दे दी जाएगी। वहीं भूमि पर निर्माण किये जाने का ये मामला नगर में चर्चा का विषय बना हुआ है।

# वाहन की टक्कर से कारीगर की मौत

**धामपुर ( चिंगारी )।** बीती रात बाइक से धामपुर से शेरकोट जा रहे एक युवक की राजपूताना रिसोर्ट के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से मौत हो गई। मोहल्ला चंपा देवी निवासी कन्हैया सैनी पुत्र कमल सैनी वैवाहिक कार्यक्रमों में खाना बनाने का कार्य करता था। बीती रात 27 वर्षीय कन्हैया सैनी बाइक से शेरकोट जा रहा था जब वह राजपूताना रिसोर्ट के पास पहुंचा तो अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और घायल कन्हैया को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया जहां से उसे बिजनौर रेफर कर दिया। बिजनौर के बाद परिजन उसे उपचार हेतु मेरठ ले जा रहे थे कि रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। उसका शव रात में ही धामपुर लाया गया। आज सुबह  शव को अंतिम संस्कार हेतु गंगा बैराज, से बिजनौर ले जाया गया। मृतक कन्हैया अविवाहित था। उसकी मौत से परिवार में कोहराम मच गया।

# विधवा के घर में घुसकर 50 हजार की नकदी छीनी

**खासपुरा ( चिंगारी )।** थाना हल्दौर क्षेत्र  के ग्राम  खासपुरा में एक नशेड़ी युवक ने विधवा महिला के घर में घुसकर मारपीट की और घर की मरमत के लिये रखे पचास हजार रुपये छीन कर ले गया। इतना ही नहीं, विरोध करने पर जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़ित महिला ने पुलिस अधीक्षक को पत्र देकर आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। खासपुरा निवासी राजो पत्नी स्व. नरेश सिंह ने बताया कि गांव का ही रोहित 08 जुलाई की रात करीब 11:30 बजे शराब के नशे में हाथ में हथियार लेकर उनके घर में घुस आया। विधवा महिला के मना करने पर आरोपी ने गाली-गलौज शुरू कर दी और गर्दन पर धारदार हथियार रखकर घर की मरम्मत के रखे पचास हजार रुपये भी छीन लिए। महिला के पुत्र द्वारा 112 नंबर पर पुलिस को सूचनादी गई। पुलिस के आने की बात सुनकर आरोपी मौके से फरार हो गया। जाते-जाते उसने धमकी दी कि तुम्हें जान से मार दूंगा, कुछ भी नहीं कर सकते। पीड़ित महिला ने बताया कि वह विधवा और असहाय है। आरोपी आए दिन शराब पीकर गांव में उत्पात मचाता है। महिला के अनुसार उसके पास आरोपी की धमकी की रिकॉर्डिंग भी मौजूद है।



# जब जब होई धरम की हानि...

**बिजनौर ( चिंगारी )।** यहां काकरान वाटिका में चल रही भव्य श्रीराम कथा के चौथे दिन राम जन्मोत्सव और जलंधर वध प्रसंग का वर्णन हुआ। जलंधर समुद्र मंथन से उत्पन्न असुर था, जो वृंदा के पतिव्रता धर्म से अजेय बना। कथा व्यास श्री योगेन्द्र माधव भारद्वाज ने राम जन्म की कथा सुनाते हुये कहा कि श्रीराम सनातन के आधार हैं। राम जन्म की कथा सुनकर श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे और वातावरण जय श्री राम के जयकारों से गूंज गया। कार्यक्रम में आरएसएस के वरिष्ठ नेता महेश जी शहबाजपुर, जितेंद्र चौधरी, सुनील जी, समरपाल जी, ब्रजपाल, खड्क सिंह, बृजनन्दन चौहान, संजीव शर्मा, शुभम गौड़, तरुण गुप्ता, गौरव यादव, वंदना चौहान, भवी शर्मा, नेहा अरोड़ा, सीमा शर्मा आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे। मुख्य यजमान दुष्यंत कुमार और राधा कृष्ण मंडली रहे। सैकड़ों श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। कथा में श्रद्धाओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। आयोजकों ने बताया कि कथा 13 जुलाई तक प्रतिदिन अपराह्न 3 बजे से सायं 6 बजे तक होगी।



श्रीराम कथा का अमृतपान करते हुये संघ कार्यकर्ता।

# बारिश पड़ी पूरी रात, जलभराव से बिगड़े हालात

## मौहल्ला रम्पुरा व मुगलूशाह में लोगों के घरों के अंदर घुसा पानी

नजीबाबाद (चिंगारी)। नजीबाबाद क्षेत्र में पूरी रात पड़ी जमकर बारिश से अनेक स्थानों पर जलभराव हो गया। मौहल्ला रम्पुरा व मुगलूशाह में कई स्थानों पर घरों के अंदर तक पानी घुसने से लोगों का काफी नुकसान हुआ। पिछले कई दिनों से पहाड़ी क्षेत्रों में हो रही जमकर बारिश के कारण मालन नदी का जलस्तर काफी बढ़ गया है। बुधवार को बीती शाम से शुरू हुई बारिश पूरी रात जमकर होती रही। जिससे मौहल्ला रम्पुरा में मौहम्मद अली जौहर स्कूल रोड तथा आसपास के क्षेत्रों में लोगों के घरों के अंदर तक पानी पहुंच गया। बारिश का पानी घरों के अंदर तक पहुंचने से किसी तरह से वार्ड सभासद मौ. अच्छन राईन व मौहल्लावासियों ने अपने घरों में फंसे काफी लोगों को वहां से निकलवाकर सुरक्षित स्थानों तक पहुंचाया। बारिश का पानी घरों में घुसने से लोगों का काफी घरेलू सामान पानी में डूब गया तथा बह गया। मौहल्ला रम्पुरा के लोगों का कहना है कि बरसात में हर बार मैदानी व पहाड़ी



इलाकों में बारिश होते ही मालन नदी का जलस्तर बढ़ने से बारिश का पानी उनके घरों के अंदर तक पहुंच जाता है। मगर प्रशासन मालन नदी व बारिश का पानी से क्षेत्र में लोगों के घरों के अंदर तक पहुंचने से रोकने के लिए कोई स्थाई समाधान नहीं कर पाता है। सारी रात भारी बारिश से नगर के अजमल खां मार्ग स्थित मौहल्ला मुगलूशाह में बारिश का पानी मुख्य मार्गों पर भरने के साथ क्षेत्र की गलियों में घुसने से लोगों के घरों के अंदर तक पानी पहुंच गया। जिससे उनका काफी नुकसान हुआ है। मौहल्लावासियों का कहना है कि उनके क्षेत्र में बरसात के मौसम में हर बार होने वाली जलभराव की समस्या का आज तक नगरपालिका व स्थानीय प्रशासन कोई स्थाई समाधान नहीं कर पाया है। जिससे बरसात में क्षेत्र के लोगों को परेशानी उठानी पड़ती है। साथ ही जलभराव से इन क्षेत्रों में लोगों को आवागमन में दिक्कत होती है। बरसात की पहली बारिश में ही अनेक क्षेत्रों में जलभराव हो गया है।

**रम्पुरा में घरों में फंसे लोगों को निकलवाते सभासद व मौहल्लावासी तथा अजमल खां मार्ग पर बारिश से हुआ जलभराव।**



# बिजली नहीं आई पूरी रात, लोगों में तीव्र रोष व्याप्त

## इनवर्टर हुए ठप, पेयजल की किल्लत

नजीबाबाद (चिंगारी)। नजीबाबाद क्षेत्र में सारी रात भारी बारिश के बीच रायपुर रोड टाउन फीडर तथा साहनपुर फीडर में खराबी आने से बिजली गायब रही। जिससे लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। सारी रात बिजली ना आने से कुछ ही घंटों में लोगों के इनवर्टर ठप हो गये। जिससे घरों में अंधेरा छा गया। बारिश व गर्मी के बीच लाइट न आने से लोग सारी रात परेशान रहे तथा सो नहीं पाए। बताया जाता है कि बीती रात बारिश शुरू होने के बाद रायपुर रोड स्थित 132/33/11 केवी बिजलीघर की गुरूद्वारा लाइन में खराबी आने से ब्रेक डाउन के चलते सारी रात बिजली नहीं आई। रात करीब दस बजे गायब बिजली सुबह करीब दस बजे आई। जिससे क्षेत्रवासियों को भारी परेशानी का सामान करना पडा। बारिश के साथ मौहल्ला पठानपुरा व मुगलूशाह की लाइनों में खराबी आने से वहां दर्जनों घरों में बिजली आपूर्ति चालू होने के बाद भी नहीं आ पाई। जिससे पेयजल आपूर्ति की भी समस्या पैदा हो गई। साहनपुर फीडर बिजली घर का बारिश के बीच रात में केबिल बक्सा फटने से पूरी रात मोटाआम क्षेत्र की बिजली गायब रही। जिससे लोगों को गर्मी के बीच रात जागकर गुजारनी पड़ी। क्षेत्र के लोगों का कहना है कि नजीबाबाद में जरा सी बारिश होते ही बिजली व्यवस्था पूरी तरह से ठप हो जाती है। इसका क्या कारण है तथा इसे दूर क्यो नहीं किया जाता? इस बारे में बिजली विभाग कोई स्थाई समाधान नहीं कर है। जिससे बारिश के मौसम में बिजली गायब होने से शहरवासी काफी परेशान है। मौहल्ला मुगलूशाह, बसंतीमाता, जाब्तागंज, संतोमालन, बांसफोड़ान क्षेत्रों के लोगों का कहना है कि शहर में सभी जगह लाइट आने के बीच उनके क्षेत्रों में आएदिन तारों में फाल्ट व अन्य समस्याओं के चलते गर्मियों के मौसम में बिजली की सही तरह से आपूर्ति नहीं हो पाती है। बिजली विभाग को क्षेत्र की जर्जर बिजली लाइनों को बदलने के साथ उच्च क्षमता के पर्याप्त लोड वाले ट्रांसफार्मर लगाने चाहिए। इस संबंध में कल्लूगंज बिजलीघर के जेई संजय शर्मा व साहनपुर बिजलीघर के जेई राहुल मौर्य ने बताया कि बिजली विभाग की टीम सारी रात लाइनों में आए फाल्ट व केबिल बक्से की मरम्मत के कार्य में लगी रही है, जिसके बाद क्षेत्र की बिजली आपूर्ति बहाल हो सकी।

# करंट की चपेट में आने से पालतू पशु की मौत

मंडावली/नजीबाबाद (चिंगारी)। मंडावली क्षेत्र के ग्राम सीतावाली में ट्रांसफार्मर के अर्थिंग तार में करंट की चपेट में आने से एक पालतू पशु की मौत हो गई। ग्रामीण पवन कुमार बाल्मीकि का पालतू पशु ट्रांसफार्मर में अर्थिंग तार के करंट की चपेट में आ गया, जिससे पालतू पशु की मौके पर मौत हो गई। ग्रामीणों ने इसकी सूचना विद्युत विभाग को दी। जिस पर लाइनमैन मनोज कुमार व इदरीश मौके पर पहुंचे तथा ट्रांसफार्मर के अर्थिंग तार में आ रहे करंट को सही किया। पशु चिकित्सक डॉक्टर नितिन कुमार ने मृत पशु का पीएम कर रिपोर्ट पशु चिकित्सा अधिकारी को भेजी। विद्युत विभाग ने पीड़ित को मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया।

# छोइया नदी में आया उफान

## फसल डूबने से चिंतित किसान



**छोईया नदी में उफान से आसपास के क्षेत्रों में घुसा पानी।**

### आसपास के क्षेत्रों में घुसा पानी

नजीबाबाद (चिंगारी)। भारी बारिश से क्षेत्र की छोईया नदी में उफान आने से ग्राम जालबपुर गूदड़ में काफी किसानों की फसलें पानी में डूब गई है। किसानों की फसलें बारिश के पानी में डूबने से उनका लाखों रूपए का नुकसान हुआ है। नदी में उफान से आसपास के क्षेत्रों में बाढ़ जैसे हालात पैदा हो गये है। जिस कारण छोईया नदी के किनारे बन रही कालोनियों में पानी घुसने का खतरा पैदा हो गया। ग्राम प्रधान नंदिनी राजपूत ने कई बार प्रशासन को छोईया नदी पर अतिक्रमण होने की शिकायत की मगर प्रशासन ने मात्र कार्रवाई का आश्वासन देकर आज तक अतिक्रमण नहीं हटवाया। ग्राम प्रधान की शिकायत के बाद पता चला था कि वहां एक कालोनी के नक्शे भी फर्जी पास किये गये थे। जिसके बाद कालोनाइजरों के खिलाफ धारा-6-7 बेदखली की कार्रवाई की गई थी। ग्राम प्रधान ने कहा कि छोईया नदी पर अवैध कब्जा कर उसे संकरा कर दिया गया है। अवैध कब्जों को अभी तक नहीं हटाया गया है। जिसके चलते छोईया नदी के पानी ने आसपास के क्षेत्रों में घुसकर बाढ़ का रूप ले लिया है। साथ ही ग्राम पंचायत की जमीन पर बने सरकारी श्मशान घाट का निर्माण रूका हुआ है।

# उत्तराखंड में 11 जुलाई तक भारी बारिश का अलर्ट



**नैनीताल ( चिंगारी )।** उत्तराखंड में मानसून अब और अधिक सक्रिय होने जा रहा है। लगातार बारिश की आशंका को देखते हुए राज्य सरकार ने आपदा प्रबंधन व्यवस्था को हाई अलर्ट पर रखते हुए सभी प्रमुख बांधों और बैराजों की रियल टाइम निगरानी के निर्देश दिए हैं, ताकि जरूरत पड़ने पर समय रहते लोगों को सतर्क किया जा सके। मौसम विज्ञान केंद्र देहरादून के अनुसार 8 से 11 जुलाई तक प्रदेश में तेज मानसूनी गतिविधियां बनी रहेंगी। 9 और 10 जुलाई को देहरादून, टिहरी, पौड़ी, हरिद्वार, नैनीताल, ऊधमसिंह नगर और चम्पावत में भारी से बहुत भारी बारिश की संभावना है। वहीं उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, चमोली, अल्मोड़ा, बागेश्वर और पिथौरागढ़ में भी तेज बारिश, गरज-चमक और आकाशीय बिजली गिरने की चेतावनी जारी की गई है। प्रशासन ने लोगों से नदी-नालों के किनारे जाने से बचने, भूस्खलन संभावित क्षेत्रों में विशेष सतर्कता बरतने और अनावश्यक यात्रा से परहेज करने की अपील की है। उधर संभावित भारी वर्षा को देखते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर सचिव आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास विनोद कुमार सुमन ने राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र में उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की। बैठक में निर्देश दिए गए कि राज्य के सभी प्रमुख बांध और बैराज प्रतिदिन सुबह 8 बजे और शाम 8 बजे अपने जलाशयों का जलस्तर, इनफ्लो, आउटफ्लो और डिस्चार्ज की अद्यतन रिपोर्ट उत्तराखंड राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (यूएसडीएमए) को भेजेंगे।

## 18 जुलाई को तहसील परिसर में धरना देगा नागरिक मंच

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** नगर में व्याप्त जनसमस्याओं के समाधान की मांग को लेकर नागरिक मंच ने 18 जुलाई को तहसील परिसर में धरना-प्रदर्शन करने का निर्णय लिया है। इस संबंध में मंच के पदाधिकारियों ने उपजिलाधिकारी संदीप कुमार को ज्ञापन सौंपकर आंदोलन की जानकारी दी। ज्ञापन में कहा गया कि कंडी रोड का निर्माण, मेडिकल कॉलेज की स्थापना और मोटर नगर का निर्माण लंबे समय से लंबित हैं। इन समस्याओं के समाधान के लिए नागरिक मंच की ओर से पूर्व में भी कई बार धरना-प्रदर्शन किए गए और शासन-प्रशासन को ज्ञापन सौंपे गए, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो सकी है। मंच के पदाधिकारियों ने कहा कि 18 जुलाई को तहसील परिसर में आयोजित होने वाले धरना-प्रदर्शन के माध्यम से क्षेत्र की जनसमस्याओं के शीघ्र समाधान की मांग जोरदार ढंग से उठाई जाएगी।

## चढ़ावा चोरी के आरोपी भाजपा नेताओं को तत्काल जेल भेजा जाये : धीरेन्द्र प्रताप

**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** उत्तराखंड कांग्रेस के वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रवक्ता, पूर्व मंत्री धीरेंद्र प्रताप ने अयोध्या बद्रीनाथ और केदारनाथ में हुए मंदिरों में चढ़ाए गए सोना चांदी के आभूषणों और करोड़ों रुपए की चोरी में शामिल भाजपा नेताओं को तत्काल जेल भेजे जाने की मांग की है। पौड़ी गढ़वाल जनपद के तीन दिवसीय दौरे से लौटने के बाद यहां जारी एक बयान में धीरेंद्र प्रताप ने कहा कि यह शर्म की बात है जो लोग सबसे बड़े हिंदू धर्म के पुरोधा बनते हैं। और भाजपा तथा आरएसएस द्वारा ट्रेंड किए हुए हैं। वे आज अयोध्या और केदारनाथ मंदिर में चोरी के मुख्य अभियुक्त बन गए हैं। उन्होंने कहा आज यह पता नहीं है कि अयोध्या बद्रीनाथ और केदारनाथ के मंदिरों में एक नही कितनी तरह के चंपत राय घूम रहे हैं उन्होंने घोषणा की कि कांग्रेस चढ़ावा चोरी के खिलाफ बड़े पैमाने पर अभियान चलाएगी। कांग्रेस की परिवर्तन यात्रा में शामिल होकर यहां लौटे धीरेंद्र प्रताप ने कहा कि कांग्रेस प्रदेश और देश को बचाने के लिए चलाए जा रहे अपने कार्यक्रमों से पीछे नहीं हटेंगी। धीरेंद्र प्रताप ने कहा कांग्रेस एकदम संगठित है और हम हर हालत में 2027 के चुनाव में भाजपा को उखाड़ फेकेंगे। उन्होंने कांग्रेस नेता हरक सिंह रावत के नेतृत्व में गढ़वाल में चल रहे परिवर्तन अभियान की तारीफ करते हुए कहा हरक सिंह रावत एक सेनापति की तरह कांग्रेस का नेतृत्व कर रहे हैं और गणेश गोदयाल की कुमाऊं में धूम मचाए हुए हैं। उन्होंने कहा अगर अगर हरीश रावत और यशपाल आर्य भी इन अभियानों में साथ रहे, तो इन अभियानों को जहां चार चांद लग जाएंगे। वहीं कांग्रेस की अगले विधानसभा चुनाव में निश्चित जीत होगी।

## पर्यावरण संरक्षण के लिए किया जागरूक

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** आर्मी पब्लिक स्कूल (एपीएस) लैंसडौन में पर्यावरण संरक्षण के लिए गतिविधियां आयोजित की गई। वन महोत्सव सप्ताह के तहत विद्यार्थियों ने चित्रकला, भाषण प्रतियोगिता, पौधारोपण, स्वच्छता अभियान और जागरूकता रैली के माध्यम से प्रकृति संरक्षण का संदेश दिया। कक्षा एक से पांच तक के विद्यार्थियों के लिए चित्रकला प्रतियोगिता हुई, जबकि कक्षा नौ से 12 तक के विद्यार्थियों के बीच भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें शिवाजी सदन के अर्निश तोमर प्रथम, नेहरू सदन के आयुष मिश्रा द्वितीय और सुभाष सदन की परिधि तृतीय रहीं। एनसीसी कैडेटों और विद्यार्थियों ने विद्यालय परिसर में 30 पौधे लगाए। शताब्दी द्वार पर चेयरमैन ब्रिगेडियर विनोद सिंह नेगी ने विद्यार्थियों को मेरी पृथ्वी, मेरी जिम्मेदारी की सामूहिक शपथ दिलाई। इसके बाद विद्यार्थियों ने नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर लोगों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया। इस दौरान प्रधानाचार्य विजेंद्र दत्त सुंद्रियाल के नेतृत्व में जागरूकता रैली निकाली गई।

## फरार वांछित आशीष चढ़ा पुलिस के हत्थे



**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक देहरादून के जनपद के सभी थानों में फरार, वारण्टी, नामजद अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अंतर्गत कोतवाली ऋषिकेश द्वारा क्षेत्र में टीमों का गठन कर लगातार चैकिंग अभियान चलाया जा रहा है। गठित पुलिस टीम द्वारा लगातार वारंटियों, फरार अभियुक्तों के ठिकानों पर दबिश दी जा रही है। वारण्टी आशीष सेमवाल पुत्र स्व. भवानी दत्त सेमवाल निवासी-भट्टोवाला रोड गुमानीवाला श्यामपुर ऋषिकेश उम्र 28 वर्ष की गिरफ्तारी की गई। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम, अ.उ.नि. मनोज रावत, का. अशोक, का. सन्दीप भट्ट शामिल थे।

## गुलदार की दहशत बढ़ रही लगातार कई पशुओं को बना चुका शिकार

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** नगर निगम क्षेत्र के अन्तर्गत वार्ड नंबर-19 शिवपुर, मवाकोट और सनेह के ग्रास्टनगंज इलाके में गुलदार की दहशत लगातार बढ़ती जा रही है। पिछले दिनों गुलदार ने शिवपुर में एक बछिया को मार डाला जबकि ग्रास्टनगंज में सड़क पर घूम रहे एक कुत्ते को अपना शिकार बना लिया।



शिवपुर निवासी अशोक सिंह ने बताया कि उनकी बछिया गोशाला के भीतर बंधी थी। रात करीब आठ बजे अचानक पहुंचे गुलदार ने उस पर हमला कर दिया और उसे घसीटता हुआ बाहर ले गया। जिससे बछिया की मौके पर ही मौत हो गई। उन्होंने बताया कि कुछ दिन पहले भी उनके घर के पास प्रताप कॉलोनी, शिवपुर में गुलदार ने छत से कपड़े उतार रही वृद्धा रामेश्वरी देवी पर हमला कर उन्हें घायल कर दिया था। लगातार हो रही घटनाओं से वन सीमा से सटे क्षेत्रों के लोगों में भय का माहौल है और लोग रात के समय घरों से बाहर निकलने से बच रहे हैं। उधर, सनेह क्षेत्र के गिंवाई स्रोत, ग्रास्टनगंज और कुंभीचौड़ क्षेत्र में भी गुलदार की सक्रियता बनी हुई है। रेंजर विपिन चंद्र जोशी ने बताया कि गुलदार की घटनाओं के बाद वन विभाग ने प्रभावित क्षेत्रों में गश्त बढ़ा दी है। उन्होंने लोगों से विशेषकर रात्रि के समय अकेले आवाजाही न करने और सतर्कता बरतने की अपील की है।

## सार्वजनिक सम्पतियों पर राजनीतिक प्रचार कर रहे भाजपा नेता

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** यमकेश्वर विधानसभा क्षेत्र के अन्तर्गत भाजपा के एक नेता पर सार्वजनिक संपत्तियों पर राजनीतिक प्रचार का आरोप लगाते हुए कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जिलाधिकारी पौड़ी से शिकायत की है।

डीएम को प्रेषित एक ज्ञापन में कहा गया कि सार्वजनिक भवनों बस, प्रतीक्षालयों पर भाजपा नेता का नाम, चुनाव चिह्न और राजनीतिक नारे लिखे गए हैं। यह निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों और सार्वजनिक संपत्ति नियमों का उल्लंघन है। दुगड्डा और कोटद्वार के कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने एसडीएम संदीप कुमार को ज्ञापन सौंपते हुए आरोप लगाया कि यह प्रचार 2027 के विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखकर किया गया है। सार्वजनिक संपत्तियों का राजनीतिक प्रचार के लिए उपयोग नहीं किया जा सकता। बिना अनुमति दीवार लेखन आदर्श आचार संहिता के विपरीत है। शिकायत के समर्थन में फोटो साक्ष्य भी दिए गए हैं। ज्ञापन सौंपने वालों में राजीव जखमोला, अनिल रतूड़ी, बलवीर सिंह रावत, जयमल सिंह, राघवेंद्र सिंह, परमानंद, योगंबर सिंह, योगेंद्र सिंह, दीपक सिंह, कुलदीप पटवाल शामिल थे।

## चोरी की बढ़ रही घटनाएं, इन पर तुरन्त रोक लगाएं

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** वार्ड नंबर-24 बालासौड़ में लगातार बढ़ रही चोरी की घटनाओं पर वरिष्ठ अधिवक्ता अरुण कुमार भट्ट ने चिंता जताते हुए प्रशासन से प्रभावी कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध में उन्होंने एसडीएम संदीप कुमार को ज्ञापन सौंपा है। कहा कि बालासौड़ वार्ड में पिछले दो महीनों में कई चोरी की घटनाएं हुई हैं। इससे क्षेत्रवासियों में असुरक्षा का माहौल है। पनियाली गदेरे की ओर बने पैराफिट पर नशे के आदी लोगों का जमावड़ा रहता है। इससे महिलाओं का आवागमन प्रभावित होता है। उन्होंने एसडीएम से चोरी रोकने और असामाजिक तत्वों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है।

रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक **सूर्यमणि रघुवंशी** ने रघुवंशी प्रिंटर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
संस्थापक-**स्व. बाबू सिंह चौहान।**
सम्पादक-**सूर्यमणि रघुवंशी।**
**आर. एन. आई. नं. 2417/57**
**डाक पंजीकरण संख्या- डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.-14/2025-27**
**E-Mail: dainikchingari@gmail.com**

# मिडिल ईस्ट में सीजफायर खत्म... जंग शुरू

नई दिल्ली (एजेंसी/चिंगारी)। डोनाल्ड ट्रंप के एक ऐलान के बाद एक बार फिर से मिडिल ईस्ट को लेकर ग्लोबल टेंशन चरम पर पहुंच गई है। अमेरिका-ईरान के बीच जंग फिर शुरू होने से दुनिया की तेल जरूरतों के 20 फीसदी हिस्से की आपूर्ति के



लिए जरूरी होर्मुज स्ट्रेट में रुकावट का खतरा भी बढ़ गया है। इन सबके बीच कच्चा तेल फिर से दुनिया को डराता हुआ नजर आ रहा है। अमेरिका ने बुधवार को ईरान के 90 ठिकानों को निशाना बनाया। नये सिरे से शुरू हुई ये जंग कैसे भारत के लिए टेंशन बन सकती है? बीते कुछ समय में अमेरिका-ईरान संघर्ष के चलते होर्मुज स्ट्रेट में आई रुकावट के चलते भारत में तेल-गैस का संकट देखने को मिला। भले ही भारत ने अपने आयात में विविधता लाकर इसे कम किया है, लेकिन इसके बावजूद Hormuz Strait देश की तेल-गैस सप्लाई के लिए अहम है। युद्ध से पहले इस समुद्री रास्ते से भारत के कुल कच्चे तेल आयात का करीब 40प्रतिशत और LNG का करीब 60 प्रतिशत आता था। इसके बंद होने से सप्लाई पर असर पड़ा तो देश में करीब 4 साल बाद अचानक पेट्रोल-डीजल महंगा हो गया और एलपीजी के दाम भी बढ़े। ऐसे में अगर फिर से S-Iran War के चलते होर्मुज में रुकावट आती है, तो परेशानी देखने को मिल सकती है। मिडिल ईस्ट में तनाव बढ़ने से भारत के लिए एक और बड़ी परेशानी ये खड़ी हो सकती है कि देश का आयात बिल बढ़ सकता है। दरअसल, भारत अपनी कुल जरूरत का करीब 85 फीसदी कच्चा तेल आयात करता है।


## आवश्यकता है

**R.P.S. INTERNATIONAL SCHOOL**
(C.B.S.E. Patteran An English Medium)

ग्राम फतेहपुर कलां, बिजनौर को कक्षा एक से कक्षा 8 तक सभी विषयों हेतु अध्यापक/अध्यापिकाओं की आवश्यकता है। इच्छुक व्यक्ति तुरंत सम्पर्क करें। वेतन योग्यतानुसार। स्टाफ के लिये आने व जाने की सुविधा।
मो. 8394838034, 8954568123, 9359888044

## DISTANCE AND ONLINE COURSES

➢MBA ➢MCA ➢M LIB
➢MA (JMC) ➢M.Sc
➢BBA ➢BCA ➢B LIB
➢BA (JMC) ➢B.Sc

**ASIAN INSTITUTE OF HIGHER EDUCATION**
MORADABAD ROAD NEAR ROOTS SCHOOL BIJNOR
PH. 9410600428, 9868264774

॥ ॐ शान्तिः शान्तिः शान्तिः ॥

**श्रद्धांजलि रस्म पगड़ी**
**श्री पंडित कृष्ण मोहन शर्मा जी (किन्नू पंडित जी)**

**शोक संदेश**

अत्यंत दुख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि हमारे परम पूज्य **श्री पंडित कृष्ण मोहन शर्मा जी** का स्वर्गवास दिनांक **28 जून, 2026 दिन रविवार** को हो गया है। प्रभु की ऐसी ही इच्छा थी। प्रभु उन्हें अपने श्री चरणों में स्थान दें।
शांति यज्ञ रस्मपगड़ी एवं श्रद्धांजलि सभा दिनांक **10 जुलाई, 2026 दिन शुक्रवार** को होनी निश्चित हुई है।

**शुक्रवार, 10 जुलाई 2026**

हवन पूजन........प्रातः 9 बजे
ब्रहमभोज........दोपहर 12:00 बजे
रस्मपगड़ी........दोपहर 2:00 बजे

**किरन उत्सव मण्डप**
किरतपुर रोड, बिजनौर

**शोकाकुल**
अंकित शर्मा, संचित शर्मा, अर्पित शर्मा
**शर्मा ग्रुप प्रा. लिमिटेड**
**मिट्ठन लाल राधे श्याम**
**श्री बालाजी आयुर्वेदिक भंडार**
**सदर बजार घंटा घर बिजनौर**
मो0– 9012512534, 8979041116

## महालक्ष्मी प्रॉपर्टीज

मात्र 5 लाख रुपयों में 100 गज का प्लॉट प्राप्त करें।
आसान किस्तों में भी प्लॉट उपलब्ध
सस्ते मकान व सस्ते प्लॉट लेने के लिये सम्पर्क करें-
अंकुर कुमार बिजनौर मो. 9837881234

Gents Specialist
Suit | Sherwani | Pant Shirt | Fancy Coat | Ladies Coat
**CLASSIC TAILORS**
9927060150
CLASSIC SHOES
**CLASSIC Shoes**
M: 9897041426
NIKE | PUMA | SKECHERS | WOODLAND | RED CHIEF | Lee Cooper | campus
**Add.: Chahshireen Road, Bijnor**

**Kajaria** TRANSFORM YOUR WORLD
Kajaria Exculsive Showroom
बिल्डर्स व थोक खरीदारों को विशेष छूट
Tiles & Sanitaryware का Exclusive Showroom
DR. FIXIT WATERPROOFING EXPERT
Nanotechnology Based SEELAN BLOCK सीलन ब्लॉक
सभी प्रकार की सीलन से सुरक्षा
₹8/- PER SQ. FT
TILE O GRIP BONDING CHEMISTRY
8445517265
8791919960
सेंट जौसफ स्कूल के सामने तीमरपुर, रावली रोड, बिजनौर